

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 9 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-072 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संभावित मंत्रियों को मोदी ने बुलाया चाय पर

### मोदी आज शाम बनाएंगे हैट्रिक,मंत्रिमंडल भी लेगा शपथ, छत्तीसगढ़ से बिलासपुर के तोखन साहू का नाम



**नई दिल्ली,9 जून।** नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं नरेंद्र मोदी के साथ उनका मंत्रिमंडल भी शपथ लेगा। मोदी कैबिनेट के संभावित मंत्रियों को फोन कर मंत्री बनने की जानकारी दी गई। वहीं शपथ ग्रहण से पहले नरेंद्र मोदी ने सुबह नए मंत्रियों को चाय पर बुलाया। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक बीजेपी नेता पीयूष गोयल, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, जेडीएस नेता कुमारस्वामी, हम के नेता जीतन राम मांझी, आरएलडी नेता जयंत चौधरी, एलजेपी (आर) नेता चिराग पासवान, जेडीयू नेता रामनाथ ठाकुर व अर्जुन राम मेघवाल और अपना दल की नेता अनुप्रिया पटेल को फोन कर बताया गया कि उन्हें कैबिनेट की शपथ लेनी हैं। वहीं टीडीपी सांसद डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी और किंजरापु राम मोहन नायडू को मंत्री बनने के लिए फोन आया है। इसके अलावा जेडीयू के राज्यसभा सांसद राम नाथ ठाकुर को भी मंत्री पद के लिए फोन आया है। इन सबी नेताओं को मोदी 3.0 कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। माना जा रहा है कि चाय पार्टी में सभी सांसदों को बता दिया जाएगा कि उन्हें किस मंत्रालय की कमान सौंपी जाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर के सांसद तोखन साहू को स्थान मिल सकता है. शपथ ग्रहण से पहले तोखन साहू को पीएमओ फोन आया था, जिसके बाद वे प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे. तोखन साहू ने हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में बिलासपुर क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को 1 लाख 64 हजार 558 वोटों के बड़े अंतर से हराया है. तोखन साहू को 7 लाख 24 हजार 937 मिले, वहीं देवेंद्र यादव को 5 लाख 60 हजार 379 वोट मिले.

**इन सांसदों को किया गया फोन**

| सांसद | पार्टी | सांसद | पार्टी |
| --- | --- | --- | --- |
| अमित शाह | बीजेपी | निर्मला सीतारामन | बीजेपी |
| राजनाथ सिंह | बीजेपी | नित्यानंद राय | बीजेपी |
| नितिन गडकरी | बीजेपी | कृष्णपाल गुर्जर | बीजेपी |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | बीजेपी | सीआर पाटिल | बीजेपी |
| शिवराज सिंह चौहान | बीजेपी | पंकज चौधरी | बीजेपी |
| पीयूष गोयल | बीजेपी | सुरेश गोपी | बीजेपी |
| रक्षा खडसे | बीजेपी | सावित्री ठाकुर बीजेपी | बीजेपी |
| जितेंद्र सिंह | बीजेपी | गिरिराज सिंह | बीजेपी |
| राव इंद्रजीत सिंह | बीजेपी | गजेंद्र सिंह शेखावत | बीजेपी |
| मनोहर लाल खट्टर | बीजेपी | मुरलीधर मोहल | बीजेपी |
| मनसुख मंडाविया | बीजेपी | अजय टमटा | बीजेपी |
| अश्विनी वैष्णव | बीजेपी | धर्मेंद्र प्रधान | बीजेपी |
| शांतनु ठाकुर | बीजेपी | हर्ष मल्होत्रा | बीजेपी |
| जी किशन रेड्डी | बीजेपी | बीएल वर्मा | बीजेपी |
| हरदीप सिंह पुरी | बीजेपी | प्रताप राव जाधव | शिवसेना (शिंदे गुट) |
| बंडी संजय | बीजेपी | रामनाथ ठाकुर | जेडीयू |
| शोभा करंदलाजे | बीजेपी | ललन सिंह | जेडीयू |
| रवनीत सिंह बिट्टू | बीजेपी | मोहन नायडू | टीडीपी |
| बीएल वर्मा | बीजेपी | पी चंद्रशेखर पेम्मासानी | टीडीपी |
| किरेन रिजिजू | बीजेपी | चिराग पासवान | एलजेपी (आर) |
| अर्जुन राम मेघवाल | बीजेपी | जीतनराम मांझी | हम |
| रवनीत सिंह बिट्टू | बीजेपी | जयंत चौधरी | आरएलडी |
| सर्वानंद सोनोवाल | बीजेपी | अनुप्रिया पटेल | अपना दल (एस) |
| शोभा करंदलाजे | बीजेपी | चंद्र प्रकाश (झारखंड) | आजसू |
| श्रीपद नाइक | बीजेपी | एचडी कुमारस्वामी | जेडी (एस) |
| प्रह्लाद जोशी | बीजेपी | रामदास आठवले | आरपीआई |

## 5000 करोड़ के मालिक हैं पहली बार सांसद बने पेम्मासानी

**नई दिल्ली,9 जून।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में कई नए मंत्रियों को मौका मिल रहा है क्योंकि बीजेपी अपने सहयोगी दलों के साथ मिलकर सरकार बना रही है. आंध्र प्रदेश में 16 सीटों पर जीत हासिल करने वाली टीडीपी के भी दो सांसद मंत्री पद की शपथ लेंगे, इनमें श्रीकाकुलम सीट से सांसद राम मोहन नायडू कैबिनेट मंत्री और गुंटूर से सांसद चंद्रशेखर पेम्मासानी राज्यमंत्री की शपथ लेंगे. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने गुटूंर सीट पर पोन्नूर से वायएसआरसीपी के मौजूदा विधायक किलारी वेंकट रोसैया को करीब साढ़े तीन लाख वोटों से हराया था. जहां चंद्रशेखर को आठ लाख 64 हजार 948 वोट मिले थे, वहीं वेंकट रोसैया ने पांच लाख 20 हजार 253 वोट हासिल किए थे. पेम्मासानी के हलफनामे के मुताबिक, उनकी कुल संपत्ति 5,705 करोड़ रुपये है. वह लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के सबसे अमीर उम्मीदवार थे. पेम्मासानी ने 1999 में एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी. उसके बाद 2005 में अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में गेइजिंगर मेडिकल सेंटर से इंटरनल मेडिसिन में एमडी की उपाधि प्राप्त की. विदेश में रहने के बावजूद पेम्मासानी ने गुटूंर से संबंध बनाए रखे और अब वह यहीं से चुनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत पहुंचे और उसके बाद मोदी सरकार 3.0 में मंत्री बन रहे हैं. ऐसा नहीं है कि पेम्मासानी ने हाल ही में राजनीति में एंट्री की हो, वह बहुत पहले से टीडीपी के कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल हो रहे हैं.



### दो मर्सिडीज, टेस्ला और रोल्स रॉयस के मालिक

राजनीति से इतर डॉ. पेम्मासानी को एंटरप्रेन्योरशिप के लिए जाना जाता है. वह यूवर्ल्ड के संस्थापक और सीईओ हैं, जो एक ऑनलाइन शिक्षण मंच है जो छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने में सहायक रहा है. उन्हें पहचान तब मिली जब उन्होंने 2020 में अर्न्स्ट एंड यंग एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता. भारत और अमेरिका में 100 से अधिक कंपनियों और संपत्तियों में निवेश के साथ डॉ. पेम्मासानी की संपत्ति आश्चर्यजनक है. उनकी चल संपत्ति में दो मर्सिडीज कारें, एक टेस्ला और एक रोल्स रॉयस शामिल हैं.

## संक्षेप

### 10 जून से शुरू होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

**बिलासपुर,9 जून।** समर वेकेशन खत्म होने के बाद अब हाईकोर्ट में 10 जून से सभी बेंचों में नियमित सुनवाई शुरू होगी. समर वेकेशन के बाद सुनवाई के लिए रोस्टर भी जारी किया गया. हाईकोर्ट में तीन डीविजन और 15 सिंगल बेंचों में सुनवाई की जाएगी, इनमें चार स्पेशल बेंच हैं. हाई कोर्ट लगातार चार सप्ताह तक अवकाश रहा. मई के तीसरे सप्ताह से समर वेकेशन शुरू हो गया था. इस दौरान हर सप्ताह अलग से वेकेशन जजों को अलग-अलग बेंच के तौर पर निर्धारित किया गया था. सोमवार और शुक्रवार को वेकेशन बेंच में जरूरी मामलों की सुनवाई की जाती थी. चीफ जस्टिस के निर्देश पर इस बार सिंगल बेंच के अलावा डीविजन बेंच की व्यवस्था भी अवकाश में रखी गई थी. जरूरी मामलों के अनुसार उन्हें अलग-अलग बेंचों में सुनवाई के लिए निर्धारित किया जाता रहा. वेकेशन में भी कुछ महत्वपूर्ण मामलों में हाईकोर्ट ने निर्णय दिया जाता रहा. हाईकोर्ट में सोमवार से शुरू हो रहे नियमित कामकाज शुरू हो रहा है. अबकी बार चीफ जस्टिस की फर्स्ट डीविजन बेंच समेत कुल तीन डीविजन बेंचों में नियमित सुनवाई शुरू की जा रही है. इसके अलावा 15 सिंगल बेंचों में भी सुनवाई होगी. इनमें से पहली स्पेशल बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा सुनवाई करेंगे, उनके अलावा तीन और स्पेशल बेंच भी रखी गई है.

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मल्लिकार्जुन खड़गे

**नई दिल्ली,9 जून।** नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आज वो तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में इस कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए कहा गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने गंठबंधन के साथियों के साथ चर्चा की है कि वो शपथ ग्रहण में हिस्सा लेंगे या नहीं लेंगे। अब मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि वो शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि खड़गे राज्यसभा मे विपक्ष के नेता है। इस कारण वो शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे।

### चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसला महिला का पैर

**रायपुर,9 जून।** रायपुर रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा होते हुए टल गया, यहां हावड़ा मुंबई ट्रेन में महिला अपने 6 माह के बच्चे के साथ चढ़ने की कोशिश कर रही थी तभी महिला का पैर फिसल गया और बच्चे के साथ ट्रेन के नीचे आ गई। वहीं आरपीएफ की तत्यपर्यता से ट्रेन को चेन पुलिंग कर रोकी गई, और दोनों को सही सलामत बाहर निकाला गया, इस हादसे में महिला और बच्चे सुरक्षित है, दोनों को मामूली चोंटे आई है। दोनों को अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि हावड़ा मुंबई ट्रेन से मुंबई के लिए ट्रेन पकड़ रही थी, तभी यह हादसा हुआ।

### रेल यात्रियों की जेब पर अब नहीं पड़ेगा भार

**रायपुर, 9 जून।** रेलवे ने 138 ट्रेनों का स्पेशल का दर्जा समाप्त कर दिया है। इनमें छत्तीसगढ़ और यहां से गुजरने वाली पैसेंजर और लोकल ट्रेनें शामिल है। स्पेशल (विशेष) का दर्जा समाप्त होने से रेल यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें इन ट्रेनों में सफर करने के लिए ज्यादा किराया देना नहीं पड़ेगा। बता दें कि कोरोना काल के दौरान रेलवे ने ज्यादातर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेन का दर्जा दे दिया था। इसकी वजह से इन ट्रेनों का किराया बढ़ गया था। बीते 4 साल के दौरान लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनों को फिर से सामान्य ट्रेनों की श्रेणी में ला दिया गया है, लेकिन पैसेंजर ट्रेनें अब भी स्पेशल की श्रेणी में ही थी। अब रेलवे ने 1 जुलाई से इन ट्रेनों का भी स्पेशल का दर्जा समाप्त करने का निर्णय लिया है।

## किराना दुकान में आग, सब कुछ खाक

**महासमुंद,9 जून**

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बेलसोंडा में शुक्रवार-शनिवार रात एक किराना और फैंसी दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। बेलसोंडा वार्ड 17 निवासी हीरालाल ने बताया कि उनके घर में ही किराना और फैंसी की अलग-अलग दुकान है। फैंसी दुकान में जूता-चप्पल व कपड़े बिक्री के लिए रखे थे। आज सुबह कुछ ग्रामीणों ने दुकानों से धुंआ उठते देख मुझे खबर दी। जाकर देखा तो किराना और फैंसी दुकानों का सामान जलकर खाक हो चुका था। दुकान में बिक्री के लिए रखे सभी सामान सहित कूलर, फ्रिज, सिलाई मशीन, आलमारी, फ्रीजर, जूता व कपड़े जलकर खाक हो गया था। हीरालाल ने बताया कि शुक्रवार रात दुकान बंद कर वह दुकान के ऊपर घर में जाकर सो गया। आग लगने से दुकान से सटे मकान के कुछ हिस्सों में आग लगी जिससे वहां भी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि दोनों दुकान मिलाकर कुल 12-13 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।



## सुहेला की घटना की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**बलौदाबाजार,9 जून**



जिले में सुहेला के आसपास मंदिरों एवं गिरौदपुरी जैतखांभ की असमाजिक तत्वों की गई तोड़-फोड़ की मजिस्ट्रियल जांच होगी. इस संबंधय् में कलेक्टर केएल चौहान और एसपी सदानंद कुमार के साथ विभिन्न समाज प्रमुखों की हुई बैठक में सहमति बनी. जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक में जिले में हुई घटनाओं को लेकर सिलसिलेवार व्यापक चर्चा की गई. इस दौरान सतनाम समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों सहित सभी समाज के प्रमुखों ने आपसी शांति बनाएं रखने एवं प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की बात कही. घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच में सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को सहयोग का वादा किया. इसके साथ ही जिले में भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इसके लिए भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया. कलेक्टर केएल चौहान ने कहा कि सुहेला की घटना को निंदनीय और चिंताजनक बताते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं से समाज का ताना-बाना बिगड़ जाता है. जिले के इतिहास में कभी भी इस तरह किसी भी की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई गई है. इस तरह की घटना पहली बार हुई है. इसके साथ ही उन्होंने समाज प्रमुखों से आंदोलन से बचते हुए आपसी शांति के लिए सकारात्मक प्रयास करने पर बल दिया. बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सदानंद कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए बहुत जल्दी अफवाह फैलाने की बात कहते हुए ऐसे संदेशों से बचने के लिए कहा. इसके साथ ही संदिग्ध कंटेंट मिलने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस कंट्रोल को देने की बात कही. उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया में गतिविधियों के निगरानी के लिए पुलिस ने अलग से सेल बनाए हैं. इसके साथ ही उन्होंने बैठक में दिए गए सलाह व महत्वपूर्ण जानकारी के जरिए जांच में तेजी लाई जाएगी. बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अफसरों के साथ विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए. इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, एडिशनल एसपी अविनाश ठाकुर, सभी एसडीएम, एसडीओपी, प्रगतिशील सतनामी समाज देवेंद्र चतुर्वेदी, मोहन बंजारे, सतनामी समाज ओमप्रकाश खुटे, एसटी-एससी ओबीसी संघर्ष समिति मोहन राय, ब्राह्मण समाज श्याम शुक्ला, यादव समाज संतोष यदु मौजूद थे. इनके अलावा सिंधी समाज नरेश गंगशानी, शंकर दुलानी, केवंट निषाद समाज नारद निषाद, वर्मा कुर्मी समाज धर्मेंद्र सरसिहा, आदिवासी समाज डॉक्टर एलएस धुव्र, भूपेंद्र ध्रुववंशी, साहू समाज लेखराम साहू, सतनामी समाज राजमहंत सरजू प्रसाद घृतलहरे, बीएसपी राजकुमार पात्रे, भीम क्रांतिवीर संगठन किशोर नवर्गे सहित अन्य सभी समाजों के वरिष्ठ प्रतिनिधि, समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक गण भी उपस्थित थे.

## ज्यादा दिन नहीं चलने वाली सरकार:विपक्ष

**नई दिल्ली,9 जून।** नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले, इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की लंबी उम्र पर संदेह जताया। 240 लोकसभा सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के आंकड़े से काफी पीछे है। यह एन चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे के समर्थन पर निर्भर है। तृणमूल के यूसुफपठान से चुनाव हारने वाले कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी। उन्होंने शनिवार को कहा कि हर कोई सर्वसम्मति से चाहता है कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता बनें। यह सरकार लंबे समय तक नहीं चलेगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि लोकसभा में 234 सीटें जीतने वाला विपक्षी गठबंधन भविष्य में सरकार बनाने का दावा कर सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने प्रतीक्षा करो और देखो का दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अलोकतांत्रिक और अवैध तरीके से सरकार बना रही है। आज, इंडिया ब्लॉक ने सरकार बनाने का दावा नहीं किया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे कल नहीं करेंगे। आइए कुछ समय इंतजार करें। उन्होंने कहा कि भविष्य में इंडिया ब्लॉक सरकार बनाएगा। उन्होंने कहा कि आइए देखें कि वे तब तक (भाजपा) सरकार कैसे चलाते हैं। लोकसभा नतीजों के एक दिन बाद, इंडिया ब्लॉक ने घोषणा की थी कि वह भाजपा सरकार द्वारा शासित न होने की लोगों की इच्छा को साकार करने के लिए उचित समय पर उचित कदम उठाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि एनडीए सरकार अस्थिर है क्योंकि बीजेपी को बहुमत नहीं मिला है।



### नेहरू से मोदी की तुलना पर भड़के जयराम

**नई दिल्ली,9 जून।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्हें एक तिहाई पीएम कहा। कांग्रेस नेता के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार के समर्थन के बिना मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। नरेंद्र मोदी को 2024 के चुनावों में विनाशकारी व्यक्तिगत क्षति, राजनीतिक हार और नैतिक पराजय का सामना करना पड़ा है। वह एक तिहाई प्रधानमंत्री हैं, क्योंकि नायडू और नीतीश कुमार के बिना, वह प्रधानमंत्री नहीं होते। जयराम रमेश ने एएनआई से कहा कि 240 सीटों के साथ प्रधान मंत्री बने हैं।



रायपुर। राजधानी में आज बीबीएड की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा देकर परीक्षार्थी बाहर निकलते हुए।

## 2047 तक विकसित भारत बनाना है,5 साल का रोडमैप तैयार : मोदी

**नई दिल्ली,9 जून।** देश की राजधानी नई दिल्ली में शपथ ग्रहण से पहले नरेंद्र मोदी ने संभावित मंत्रियों के साथ पहली बैठक की है, जिसकी तस्वीर सामने आई है. नरेंद्र मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप तैयार है. इस दौरान उन्होंने 100 दिन के रोडमैप पर चर्चा की और उसे लागू करने के निर्देश दिए. सूत्रों के हवाले से खबर है कि पीएम मोदी ने अपनी कैबिनेट के नए सहयोगियों से कहा कि 100 दिन एजेंडा की कार्ययोजना को जमीन पर उतारना है. इसी के साथ पेंडिंग योजनाओं को पूरा करना है. उन्होंने कहा कि जो आपको विभाग मिलेगा, उसे जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए, इसकी चिंता कीजिएगा. प्रधानमंत्री आवास पर 22 सांसदों के साथ हुई बैठक में मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप भी तैयार है. आप उस पर जी जान से जुट जाइएगा. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि साल 2047 में भारत को पूरी तरह से विकसित भारत बनाना है. जनता को एनडीए पर भरोसा है. उसे और मजबूत करना है. जो सांसद प्रधानमंत्री आवास पर मीटिंग में शामिल होने पहुंचे, उनमें सर्बानंद सोनोवाल, चिराग पासवान, अन्नपूर्णा देवी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भागीरथ चौधरी, किरेन रिजिजू, जितिन प्रसाद, एचडी कुमारस्वामी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, निर्मला सीतारमण, रवनीत बिट्टू, अजय टमटा, राव इंद्रजीत सिंह, नित्यानंद राय, जीतन राम मांझी, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, हर्ष मल्होत्रा, एस जयशंकर, सीआर पाटिल व कृष्णपाल गुर्जर शामिल थे. मनोनीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने जा रहे हैं. इसी के साथ वह अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद गठबंधन सरकार के प्रमुख के रूप में पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर लेंगे. पिछली दो बार 2014 और 2019 में बीजेपी को अपने दम पर बहुमत प्राप्त हुआ था, लेकिन इस बार उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के समर्थन की जरूरत है. नई सरकार में एनडीए के विभिन्न घटकों की हिस्सेदारी को लेकर भाजपा नेतृत्व और उसके सहयोगियों के बीच गहन बातचीत चल रही है. भाजपा के वरिष्ठ नेता जैसे अमित शाह और राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा तेलुगू देशम पार्टी के एन चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू के नीतीश कुमार और शिवसेना के



## जेईई एडवांस्ड के नतीजे जारी

**नई दिल्ली,9 जून।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। जिन भी उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी, वे आधिकारिक वेबसाइट (jeeadv.ac.in.) पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। नतीजे रविवार सुबह घोषित किए गए, जिसमें आईआईटी दिल्ली जोन के वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया। आईआईटी में प्रवेश के लिए कुल 48,248 उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जिनमें से 7,964 महिलाएं हैं। इस बार परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी मद्रास के अनुसार, आईआईटी बॉम्बे जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल 360 में से 322 अंक हासिल कर शीर्ष रैंक वाली महिला उम्मीदवार हैं। उनकी अखिल भारतीय रैंक 7 है। शीर्ष 10 की लिस्ट में शामिल अन्य उम्मीदवारों के नाम इस प्रकार हैं- आदित्य (आईआईटी दिल्ली क्षेत्र), भोगलपल्ली संदेश (आईआईटी मद्रास क्षेत्र), रिदम केडिया (आईआईटी रुड़की क्षेत्र), पुट्टी कुशल कुमार (आईआईटी मद्रास), राजदीप मिश्रा (आईआईटी बॉम्बे क्षेत्र), कोडुरी तेजेश्वर (आईआईटी मद्रास क्षेत्र), ध्रुवी हेमंत दोशी (आईआईटी बॉम्बे क्षेत्र) और अल्लादाबोना एसएसडीबी सिधविक सुहास (आईआईटी मद्रास क्षेत्र)।

कल से शुरू होगा जोसा काउंसलिंग के लिए पंजीकरण

जिन उम्मीदवारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे संयुक्त सीट आवंटन प्राधिकरण (JoSAA) काउंसलिंग 2024 के लिए पात्र होंगे। पंजीकरण 10 जून से josaa.nic.in पर शुरू होगा।

# बिजली की शिकायत मिलने पर तत्काल गंभीरता से निराकरण करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा 9 जून।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले में बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर महोबे ने कहा कि आगामी बारिश मौसम और खरीफ फसल को ध्यान में रखते हुए शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। आगामी दो महीना चुनौतीपूर्ण है, इस दौरान हर स्थिति से निपटने के लिए पहले ही प्लानिंग तैयार कर ली जाए। इस दौरान उपभोक्ताओं द्वारा बिजली के संबंध में अनेक शिकायत आती है, उनके समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विकासखंडवार विद्युत आपूर्ति, मानव संसाधन, अधोसंरचना विकास सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिजली आमजनों से जुड़ी महत्वपूर्ण आवश्यकता है, इसलिए संबंधित अधिकारी विद्युत की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान करें।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिन गांव में बिजली की समस्या अधिक होती है उन गांव का चिन्हांकन पहले कर लिया जाए और उचित व्यवस्था करें। जहां तार की मरम्मत कराने, रिले डिवाइस तथा इंसुलेटर को मजबूत करने, ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में तत्काल बदलने और नवीन विद्युत ट्रांसफार्मर के लिए प्रस्ताव भेजने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सब स्टेशनों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति, लाइन एवं पोल शिफ्टिंग, लो वोल्टेज की समस्या सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की और बेहतर कार्ययोजना के साथ उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि कहीं भी विद्युत कटौती से शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल वहां कर्मचारियों को भेजकर निराकरण कराएं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, सहसपुर लोहारा सुश्री आकांक्षा नायक सहित विद्युत विभाग सहित, कृषि, शिक्षा, नगर पालिका, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि फसलों को पानी के लिए पंप की आवश्यकता होती है, इसके लिए विद्युत आपूर्ति लगातार होना चाहिए किसानों को कोई समस्या नही होनी चाहिए। जहां वोल्टेज की समस्या आती है उसका पहले ही निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं द्वारा अनेक बार बिजली बिल के संबंध में शिकायत प्राप्त होती है, उनके शिकायतों को सुनते हुए निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कम से कम विद्युत कटौती एवं मैनपॉवर डिस्ट्रीब्यूशन के लिए भी बेहतर प्लान के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार के फाल्ट के समय आसानी से मेंटेनेंस हो सके। उन्होंने कहा कि राजस्व सहित अन्य विभाग से समन्वय बनाते हुए गांव का चिन्हांकन करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। जिले में मीटर लगाने के लिए आवेदन प्राप्त है उन सभी का जल्दी से जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता जी एस फ्लोरा ने बताया कि जिले में 957 विद्युतिकृत ग्राम है। इनमें 945 ग्राम में पारंपरिक स्त्रोत और 12 ग्राम में गैर पारंपारिक स्त्रोत द्वारा विद्युत संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजना अंतर्गत विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम उड़ियाकला और पंडरिया के ग्राम बिरमपुर में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र स्थापना कार्य प्रगतिरत है।

जिले के बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए अपने सर्कल के अधिकारियों से संपर्क कर सकते है। कवर्धा संभाग अंतर्गत शिकायत के लिए कवर्धा संभाग कार्यपालन अभियंता जीएस फ्लोरा-9329106532 और सहायक अभियंता श्रीमती माया भारती-8225964271 से संपर्क कर सकते है। उप संभाग सहसपुर लोहारा अंतर्गत सहायक अभियंता रविन्द्र सिंह-9399644416, उप संभाग पिपरिया अंतर्गत सहायक अभियंता श्री मुकेश कुमार लहरे-7587377590, कवर्धा जोन अंतर्गत सहायक अभियंता दीपक लसेर-9907449750, कवर्धा ग्रामीण उपसंभाग अंतर्गत सहायक अभियंता श्री सुनील कुमार गुप्ता-7974266789 से संपर्क कर सकते है।

सहसपुर लोहारा और उडिया वितरण केन्द्र के लिए श्री युवराज कुमार-8839241964, बिरोड़ा के लिए कृषांग अगले-8449474618, रेंगाखार के लिए अशोक कुमार कुंजाम-7587469506, पिपरिया और इंदौरी के लिए आशीष कुमार सोनी-9179883868, मरका के लिए राजेन्द्र कुमार ठाकुर-7869190034, कवर्धा जोन के लिए दोवेन्द्र वर्मा-9424242992, संजय गरूणिक-7999886338, रबेली के लिए आदित्य सिंह-8319254946, राजानवांगांव और कवर्धा के लिए बृजेश कुमार धुर्वे-9340329762 और रामपुर वितरण केन्द्र के लिए सुनील कुमार गुप्ता-7974266789 से संपर्क कर सकते है। पंडरिया संभाग अंतर्गत शिकायत के लिए पंडरिया संभाग कार्यपालन अभियंता केके झा-9171883287, उप संभाग पंडरिया मनीष अग्रवाल-9109254543, बोड़ला संतोष कुमार मंडले-8959298660 से संपर्क कर सकते है। वितरण केन्द्र पंडरिया अंतर्गत दिलीप ठाकुर-8770382780, कापादाह, कूकदूर विवेक देवांगन-8982892824, कुण्डा, दामापुर सत्यम मरावी-8770544584, तरेगांव, पोड़ी लोमश सोनवानी-6261097711, पाण्डातराई गणेश चंद्रवंशी-9630786696, बोड़ला, चिल्फी खेमलाल साहू-8516035739 से संपर्क कर सकते है। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों को फोन-काल रिसीव करने और स्थल पर पहुंचकर समस्या का निदान करने के निर्देशित किया है।

## एक नजर

### ट्यूशन से घर जा रही स्कूली छात्रा को ट्रक ने कुचला

**भिलाई 9 जून।** ट्यूशन से घर जा रही स्कूली छात्रा को ट्रक ने कूचल दिया जिससे छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई हादसे में अन्य दो छात्राएं घायल है सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंची चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है अंजोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम चंगोरी निवासी तोजस्वी पारकर ( 15 वर्ष ) ट्यूशन से घर जाने के लिए निकली थी इस दौरान ट्रक सीजी 04 जेडसी 3391 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए छात्रा को चपेट में लिया हादसे में छात्रा तोजस्वी की मौके पर ही मौत हो गई छात्रा कक्षा 9वीं में पढ़ाई करती थी हादसा थनोद मोड के पास की है। हादसे में मृतका की दो सहेली भी साथ में थी उन्हें मामूली चोट आई है मृतका तोजस्वी और उनकी सहेलियां तीनों अलग-अलग सायकिल में थे विपरीत दिशा से भूसा लोड होकर आ रही ट्रक ने तीनों छात्राओं को चपेट में लिया। घटना में तोजस्वी साइकिल समेत ट्रक के नीचे आ गई। वहीं 2 सहेलियां ठोकर लगने से दूर जा गिरीं। उन्हें भी चोटें आई है।हादसे की खबर लगते ही ग्रामीणों ने काफी देर तक चक्काजाम कर दिया था। उनकी थी कि आरोपी ट्रक चालक पर कार्रवाई और पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा मिले पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर वाहन को जब्त किया है। पुलिस के समझाने के बाद ही प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण शांत हुए। बताया जा रहा है कि मृतका के पिता भोजेन्द्र पारकर भी चालक है ओजस्वी की 2 भाई बहन हैं पुलिस चौकी में हुआ बवाल ग्रामीणों का आरोप था कि चक्का जाम से उठाकर समझौता के लिए ले जाया गया लेकिन चौकी में कोई नहीं था ट्रक चालक, मालिक फरार थे जबकि पुलिस यही बोलकर ले गई कि समझौता होना है जिससे चौकी में हंगामा हुआ ।

### राष्ट्रीय चित्रकला स्पर्धा में बृजेश तिवारी को मिला पुरस्कार




**भिलाई, 9 जून।** देश के प्रतिष्ठित ज्योति ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता 2024 का आयोजन बरेली (उत्तर प्रदेश) में किया गया था। जिसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से कई प्रतिभागियों ने अपनी कलाकृतियां प्रदर्शित की थी। जिसमें भिलाई के वरिष्ठ चित्रकार बृजेश तिवारी ने एक बार फिर पुरस्कार प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। बृजेश पेशे से डी. पी. एस. दुर्ग में फाइन आर्ट शिक्षक हैं। छत्तीसगढ़ चित्रकला एवं मूर्तिकला संघ ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

### हनुमान मंदिर के सामने नाली नाला की कराई गई सफाई



**भिलाई, 9 जून।** कैंप-2 श्याम नगर वार्ड-36 हनुमान मंदिर के सामने नाली नाला की सफाई के लिए 8 तारीख को समाजसेवी एवं शिवसेना नेता राजू गुप्ता ने ऑनलाइन शिकायत किया गया था। नालियां जाम होने के कारण मंदिर प्रांगण में पानी घुस रहा था। गुप्ता की शिकायत के बाद निगम प्रशासन हरकत में आया और आज सुबह लाव लश्कर के साथ नलियों की सफाई नगर निगम द्वारा किया गया।

### बरसात के पूर्व निगम प्रशासन ने कसी कमर, नालों की सफाई प्रारंभ



**भिलाई-चरोदा 9 जून।** मानसून की आमद को देखते हुए भिलाई चरोदा निगम प्रशासन ने बड़े नालों की सफाई करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। इस संबंध में जेसीबी की मदद से नालों में एकत्र गंदगी एवं अन्य कचरा निकालने का कार्य किया जा रहा है। जिससे बरसात के दिनों में नालियों के ओवर फ्लो होने की समस्या से बचा जा सके। जैसा कि ज्ञात है कि बरसात के मौसम के शुरू होने से पूर्व ही निगम के सफाई विभाग द्वारा यह कार्यवाही की जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि कमिश्नर डी. एस. राजपूत से प्राप्त निर्देशानुसार बरसात से पहले सभी बड़े और छोटे नालों की सफाई की जा रही है जिससे पानी के साथ बहकर कचरा फैलने की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

### जेएलएन अस्पताल में आंतरिक संसाधनों से नवनिर्मित पार्किंग स्टैंड का शुभारंभ



**भिलाई, 9 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में आंतरिक संसाधनों से एक लाख स्क्वायर फिट से भी अधिक एरिया में बने नवनिर्मित पार्किंग स्टैंड का शुभारंभ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेएलएन अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक सुशील कुमार, मुख्य महाप्रबंधक डी एल मोईत्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक प्रभारी सुश्री उमा कटोच, महाप्रबंधक अजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। शुभारंभ करते हुए कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि बीएसपी के गो ग्रीन अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए।

# मातृभूमि सेवा संगठन पैरी की बैठक में कई विषयों पर विचार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई 9 जून।** सेना एवं सुरक्षा बलों में 75 जवानों की तैनाती किसी भी गांव या कस्बे के लिए गर्व की बात है ।कुछ ऐसी ही गर्व अनुभूति होती है बालोद जिला मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर बसे गांव पैरी के निवासियों को, वहां सैनिकों को समर्पित एक संस्था का नाम है मातृभूमि सेवा संगठन पैरी जिसमें सेवानिवृत्त सैनिक, वर्तमान सैनिक ,पुलिसकर्मी, गांव के सरपंच सैनिक परिवार के सदस्य ,सेवानिवृत कर्मचारी सदस्य के रूप में संस्था की गतिविधियों में भाग लेते हैं। संगठन के समस्त सदस्यों की वार्षिक बैठक गत दिनों संपन्न हुई जिसमें अनेक प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया। वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर पंजीयक कार्यालय में जमा करना, आय व्यय पेश करना, सदस्यता शुल्क जमा करना, विधायक निधि से प्राप्त राशि को निर्माण कार्य में लगाना आदि प्रस्ताव रखे गए ।संस्था के संरक्षक सरपंच रूपम देशमुख ने उस राशि का उपयोग प्योर ब्लॉक बिछाने व सौंदर्यीकरण के लिए उपयोग किए जाने की जानकारी दी। इस,अवसर पर संरक्षक श्री ब्रह्म देव पटेल ने कहा कि हम हमारे अंचल के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे ग्राम पैरी के जवानों में देश भक्ति की भावना हिलोरें मार रही है। इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि ग्राम पैरी के दो जवानों ने सीमा में सुरक्षा करते-करते अपनी शहादत दी । शहीद श्री तिवर सिंह एवं श्री दिनेश ठाकुर का पुण्य स्मरण किया गया ।इस बैठक में अध्यक्ष तामेश्वर मानिकपुरी, बिंदु राम पटेल, उपाध्यक्ष योगेंद्र साहू सचिव अघनु राम निषाद कोषाध्यक्ष अर्निका ठाकुर, सदस्य मनीष सेन, योगेंद्र सोनबोइर उपस्थित रहे ।सेवानिवृत्त कर्मचारियों में संरक्षक सदस्य के रूप में पूर्व अध्यक्ष ढाल सिंह साहू ,दीनदयाल चौधरी, सीताराम साहू श्याम ,बेनीराम सारवा, परशुराम साहु विशेष रूप से उपस्थित होकर मार्गदर्शन दिए। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष तामेश्वर दास ने किया।

# अवैध कब्जेधारियों के विरुद्ध भिलाई इस्पात संयंत्र ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा संपदा न्यायालय के डिक्री आदेश क्रमांक-44/2021 का अनुपालन करते हुए 08 जून 2024 को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल के उपस्थिति में रिसाली सेक्टर में अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। रिसाली सेक्टर में पिछले दस वर्षो से निवासरत अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध बेदखली अभियान चलाया गया। बीएसपी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित आवास को जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। इस क्षेत्र में निवासरत अवैध कब्जाधारियों को कई बार समझाइश दिया गया तथा संपदा न्यायालय द्वारा भी उन्हें तत्काल आवास खाली करने की हिदायत भी दी गई थी। परंतु इन कब्जाधारियों ने हठपूर्वक बीएसपी भूमि पर निर्मित आवास को खाली नहीं किया। इन कब्जाधारियों पर आज 08 जून 2024 को कार्यवाही करते हुए बीएसपी आवास को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की उपस्थिति में सील किया गया। नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा कब्जाधारियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही में स्थानीय पार्षद तथा कब्जाधारी द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया। पुलिस टी आई राजकुमार लहरे तथा कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने अवैध कब्जेधारी तथा उनके समर्थकों को सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी।



# श्रमदान कर की गई बंधवा तालाब की साफ-सफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई-चरोदा।** श्रमदान महाअभियान के तहत बंधवा तालाब भिलाई 03 की सफाई की गयी। नगर निगम भिलाई 03 चरोदा क्षेत्र के वार्ड क-08 महामाया पारा स्थित बंधवा तालाब की सफाई का कार्य निगम प्रशासन द्वारा किया गया। शनिवार 8 जून को विशेष अभियान चलाकर इस पुराने तालाब को साफ किया गया। इस कार्य में निगम के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के द्वारा एक दिवस पूर्व ही बंधवा तालाब के सफाई हेतु विशेष श्रमदान अभियान चलाने विभागीय कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके फलस्वरूप शनिवार सुबह 07 बजे से बंधवा तालाब को साफ करने की शुरुआत की गयी। रापा, फावड़ा सहित अन्य उपकरणों की मदद से तालाब में एकत्र गंदगी एवं कचड़ इत्यादि को तालाब से निकालकर बाहर किया गया। इस कार्य में निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। साथ ही जनप्रतिनिधियों में निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री रामखिलावन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर वार्ड 17 शांति नगर के पार्षद फिरोज फारूकी, वार्ड कं-16 बाजार चौक की पार्षद श्रीमती प्रेमलता चंद्राकर, वार्ड कं-12 के पार्षद तुलसी राम ध्रुव, वार्ड कं-08 महामाया पारा के पार्षद गुलमोहर वर्मा, पूर्व पार्षद दिलीप पटेल ने सफाई में श्रमदान का योगदान दिया। इस दौरान निगम के सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उपअभियंता किसलय साहू, उपअभियंता वैभव त्यागी, उप अभियंता मुकेश चंद्राकर, स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा, संपदा विभाग प्रभारी राजू वर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक ग्रेड-3 श्रीमती अभिलाषा श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड-3, श्रीमती चंद्रकांती साहू, आयुक्त स्टेनो चेतन देवांगन, टाईम कीपर श्यामता साहू, समस्त सफाई मित्र एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# खुसली हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**भिलाई 9 जून।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र देवबलौदा में खुसली हत्याकांड के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है गैंगवार में शामिल नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपियों ने होली के समय हुई मारपीट का बदला लेने के लिए हत्या की पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर दो बाइक, लाठी, डंडा, बेस बाल, लोहे का राड और तलवार जब्त किया है। वहीं गैंग के फरार सरगना भीम समेत तीन आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है भिलाई - 3 टीआई पी डी चंद्रा ने बताया कि 5 जून की रात 10.45 बजे की घटना है आरोपियों ने देववलौदा में बंधवा तालाब के पास एल चिरंजीव उर्फ बुसली की हत्या की थी। देवबलौदा निवासी मुकेश कुमार मानिकपुरी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 147, 148, 149, 120बी के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। चश्मदीद एवं आस- पास के लोगों से पूछताछ की गई। पता चला कि आरोपी भीम बघेल, दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू, अर्जुन बघेल, राजेश कुरें, भूपेंद्र टंडन, जसवंत मारकडे, देवा बंजारे, सुनील बंधे, अजय बघेल, शेखर सेन और नाबालिग ने मिलकर वारदात को अंजाम दिया है थाना और एसीसीयू की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर एक नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया आरोपी बदल रहे थे अपना ठिकाना घटना के बाद आरोपियों की खोजबीन में पुलिस सक्रिय हुई इधर आरोपी भी पुलिस को चकमा देते हुए अपना ठिकाना बदल रहे थे पुलिस से बचने के लिए आरोपी रायपुर, बलौदाबाजार, बेमेतरा, राजनांदगांव, दुर्ग और बालोद तक भागे, लेकिन लोकेशन के आधार पर पुलिस उनके पीछे लगी रही। 2 दिन के अंतराल में आठ आरोपियों को दबोच लिया हत्या की वजह पुरानी लड़ाई। भिलाई - 3 टीआई ने बताया कि वर्ष 2022 की होली में दीपक कुमार टंडन उर्फ गोलू के साथ बुसली का झगड़ा हुआ था। इस दौरान बुसली ने उसकी जमकर धुनाई की थी। वर्ष 2023 में खुसली ने भीम बघेल के भाई अर्जुन बघेल के साथ मारपीट की। उसको भी जमकर मारा था। जीआरपी थाना में अपराध दर्ज हुई। इस दौरान भीम और दीपक आपस में मिले दोनों ने खुसली को मारने की प्लानिंग की घटना के दिन वह तालाब में अकेला था इसकी जानकारी शेखर सेन ने भीम को दी थी बदला लेने के उद्देश्य से भीम और दीपक अपनी गैंग लेकर तालाब पहुंचे और हत्या की उक्त कार्यवाही में थाना पुरानी भिलाई से उप निरीक्षक योगेश्वर कुमार वर्मा, सहा. उप निरीक्षक जी.एन.एच. चौधरी, हिरामन रामटेके, मंगला गुप्ता, प्र.आर. राजेश साहू, रविन्द्र भारतीय, राजेश तिवारी, आरक्षक ईश्वर भारद्वाज, विजय पासवान, महेश बंछोर, शशिकांत यादव व एसीसीयु से सहा.उप निरी. चन्द्रशेखर सोनी, शमित मिश्रा, पूर्णबहादुर, प्र.आर. सगीर खान, रोमन सोनवानी, आरक्षक रिंकु सोनी, राकेश चौधरी, राकेश अन्ना, भावेश पटेल, गुनित कुमार, अजय गहलोत, शहबाज खान, अनुप शर्मा, शिव मिश्रा, जुगनु सिंह, अश्वनी यदु, मेघराज चेलक, राजकुमार चन्द्रा, अजय ढीमर, पंकज चतुर्वेदी की उल्लेखनिय भूमिका रही

## समाचार संक्षेप

### तालाब की सफाई के लिए विधायक-आयुक्त ने बढ़ाया हाथ, पौधे भी लगाए



**रिसाली 9 जून।** कल्याणी मंदिर शीतला तालाब की सफाई करने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त मोनिका वर्मा ने श्रमदान किया। तालाब के भीतर फैली गंदगी को साफ कर जलीय पौधे को बाहर निकाला। कैच द रैन अभियान में निगम कर्मचारियों समेत 150 से अधिक आम लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। खासकर निस्तारी वाले तालाब की। लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे हैं। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने विधायक ललित ने आम नागरिकों से अपील की। शनिवार को सुबह 7 बजे दुर्ग ग्रामीण विधायक की अगुवाई में कैच द रैन अभियान की सफाई की गई। पहले जलीय पौधे और घास को बाहर निकाला गया। इसके बाद श्रृंखला बनाकर तालाब से निकले पौध व कचरा को हटाया गया। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनूप डे, वार्ड पार्षद विलास राव बोरकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, खिलेन्द्र चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजु नेताम, टीकम साहू, डोमन लाल बारले, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे आदि उपस्थित थे। निगम क्षेत्र में तालाब को संवारने पहली बार इतने सारे लोग एकत्र हुए थे। स्वेच्छा से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व आयुक्त मोनिका वर्मा ने काटा लेकर घाट के आस पास उगे जलीय पौधे को निकाला। वहीं पार्षद विधि यादव ने तालाब के भीतर 4 फीट गहराई से जलीय पौधे को निकालकर सफाई की। पहले दिन तालाब में बने घाट के आस पास की सफाई की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एक दिन में सफाई कार्य पूर्ण नहीं होगा। विभाग के कर्मचारी तालाब सफाई पूर्ण रूप से करे। हर रोज रूटीन वर्क से अलग होकर कर्मी तालाब सफाई कार्य को पूर्ण करे। कैच द रैन अभियान के तहत तालाब किनारे पौधारोपण भी किया गया। विधायक ललित ने नीम व आयुक्त मोनिका वर्मा ने जामुन का पौधा लगाया।

### सुपेला अंडरपास से गदा चौक तक बेजा कब्जों पर चला बुलडोजर



**भिलाई, 9 जून।** नगर निगम भिलाई द्वारा सुपेला अंडरपास से संडे मार्केट होते हुए गदा चौक तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान सड़क के साथ ही मार्केट के भीतर भी अतिक्रमण को हटाया गया। शनिवार की सुबह से ही निगम की कार्रवाई शुरू हो गई। निगम की कार्रवाई को देख संडे मार्केट के व्यापारी भी सकते में आ गए। सड़क किनारे की दुकानों के अतिरिक्त निर्माण व बांस बल्ली से किए गए कब्जों को ध्वस्त किया गया। इस दौरान व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच गहमा गहमी का माहौल भी देखने को मिला। व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच तीखी बहस कार्रवाई के दौरान व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच तीखी बहस भी होती रही। सुबह कार्रवाई के लिए जब निगम का अमला पहुंचा तो आसपास के व्यापारी जमा हो गए। इस दौरान सुपेला, वैशाली नगर व छावनी से पुलिस बल को भी बुलाया गया। पुलिस की मौजूदगी में निगम अमले ने कब्जों पर कार्रवाई शुरू की। दुकान के तय दायरे से बाहर जितना भी अतिरिक्त निर्माण किया गया उसे हटाया गया। संडे मार्केट में कई दुकानदारों ने बासं बल्ली से कब्जा कर रखा था इसे भी ध्वस्त किया गया। यही नहीं दुकान के बाहर लगे दुकान के फ्लेक्स व साइन बोर्ड को भी निगम ने अपने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार खुद से अतिक्रमण हटाने के लिए मोहलत भी मांगते देखे गए। कई दुकानदारों ने निगम टीम से खुद से तोडने् के लिए समय मांगा। निगम के अधिकारियों ने किसी की नहीं सुनी। इससे पहले भी यहां दुकानदारों को चेताया गया था इस वजह से निगम ने आज सीधी कार्रवाई की है। वहीं कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदार स्वयं ही अतिक्रमण हटाने लगे। निगम के राजस्व अमले ने मार्केट के व्यापारियों से कहा है कि अपनी दुकान में ही व्यापार करें अनावश्यक रूप से अतिक्रमण कर सड़क जाम न करें। निर्देश का पालन नहीं करने पर भिलाई निगम की यह कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

# पंचायत बड़गांव चारभाठा का सचिव रहता है नदारद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**डोंगरगांव 9 जून।** डोंगरगांव के समीप ग्राम पंचायत बड़गांव चारभाठा के सचिव पर पंचायत में ज्यादातर नदारद रहने का आरोप गांव के लोगों ने लगाया है. ग्रामीणों का कहना है कि सचिव की लगातार अनुपस्थिति की वजह से उन्हें हर काम के लिए कई दिनों तक ग्राम पंचायत का चक्कर काटना पड़ता है. बावजूद इसके सचिव का रवैय्या नहीं बदला और पिछले कई माह से यह सिलसिला चलता आ रहा है. इसकी वजह से आय, जाति, फौती जैसे महत्वपूर्ण कार्य रुक रहे हैं.सचिव के लगातार पंचायत में गैरहाजिर रहने के कारण ग्रामीण छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटक रहे हैं, जिसे पंच या सरपंच नहीं कर सकते. इसमें फौती, मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मनरेगा सहित कई निर्माण कार्य हैं.जिससे परेशान होकर कई ग्रामीणों ने वर्तमान सचिव को हटाकर दूसरे सचिव की मांग की है.

लोगो के फोन का नहीं दे रहे जवाब

सचिव अपने मुख्यालय में न रहकर दूसरी जगह से आना-जाना करते हैं. इस मामले में सचिव से उनका पक्ष जानने उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ था। और अक्सर उनका मोबाइल नं. या तो बंद रहता है या तो जवाब नहीं मिलता जब पत्रकार साथी वंहा गए तब वहा उपस्थित ग्रामीण ने अपनी समस्या बताई और कहा की बच्चों के स्कूल एडमिशन का वक्त् आ गया है जिसके लिए जरुरी कागजात जैसे आय जाति निवास मे सचिव महोदय के सील और हस्ताक्षर की जरुरत है मगर सचिव महोदय तो उपलब्ध नहीं रहते है। और तो और पंचायत में हमेशा सिटकिनी बंद लगी रहती है और भरी धुप और गर्मी मे ग्रामीण भटकने को मज़बूर है।

बड़गांव चारभाटा में बार-बार पंचायत में कोई नही रहने के कारण अपनी कई परेशानियों को लेकर ग्रामीण जनता परेशान है ग्रामीणों का कहना है कि सचिव हमेशा अधिकतर अनुपस्थित रहते हैं तथा अगर आते भी है तो 11 बजे आने के बाद या तो वह ताला या सिटकनी लगाकर फील्ड के नाम पर कहीं भी निकल जाते हैं क्योंकि अधिकतर शासकीय कार्य सचिव के बिना नहीं हो पता और गांव के प्रशासन में ग्राम पंचायत कार्यालय में सचिव की अहम भूमिका होती है सचिव ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाने में मदद भी करता है साथ ही सचिव के माध्यम से ग्राम पंचायत की कई समस्याओं का समाधान हो इसके लिए पंचायत की बैठके भी होती है चाहे आधार कार्ड का मसला हो या ईमित्र का लाभ उठाना हो बिना ग्राम पंचायत के खुले यह सब कार्य नहीं हो पाता।

## एक नजर

### सीनियर सिटीजंस वेलफेयर फोरम के त्रिवर्षीय चुनाव की अधिसूचना जारी

**रायपुर 9 जून।** सीनियर सीटिजंस वेलफेयर फोरम के त्रिवर्षीय चुनाव 2024-2027 की अधिसूचना श्री डी डी ढगे चुनाव अधिकारी ने दिनांक 05.06.2024 को जारी कर दी।निर्वाचन कार्यक्रमःमतदाता सूची प्रकाशन 02.7.2024, मतदाता सूची आपत्ती 04.7.24, मतदाता सूची जारी करने तिथी 05.7.2024, समय तीन बजे से पांच बजे तक नामांकन पत्र जारी करने की तिथी 06.7.2024 समय शाम तीन बजे से पांच बजे तक,नामांकन पत्र जमा की तारीख 08.7.2024, नामांकन पत्र स्क्रूटनी, परीक्षण 09.7.2024 नामांकन पत्र वापसी 10.7.2024से12.7.2024शाम तीन से पांच बजे तक यह उपरोक्त सभी कार्यक्रम फोरम के कार्यालय कलेक्टोरेट परिसर मे संचालित होगे। मतदान की तिथी - 28 .7.2024 समय सुबह 10बजे से शाम 5.00बजे तकमतदान केंद्र- छत्तीसगढ पेन्शनर्स समाज ऑक्सीजोन गेट के सामने कलेक्टोरेट परिसर मतगणना एवं परिणाम घोषणा 28.7.2024 शाम5.30 बजे से मतदाता स्वयंम का कोई भी परिचय पत्र चुनाव अधिकारी को पहचान हेतु दिखा सकते है।

### अवैध शराब बिक्री करने वाले को 40 लीटर महुआ शराब के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मगरलोड 9 जून।** ग्राम राजाडेरा जामपानी नाला के पास में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपाल ध्रुव पिता मेहत्तरू ध्रुव उम्र 42 वर्ष साकिन ग्राम रेंगाडीह थाना मगरलोड के कब्जे से 4 नग सफेद प्लास्टिक जरीकेन में प्रत्येक में 10-10 लीटर कुल 40 लीटर महुआ शराब कीमत 8000/- रूपये को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत, सउनि. अजय बनारसी, आरक्षक धर्मेन्द्र सोरी,अजय गिरी, विमल पटेल, गोविंदा घृतलहरे, सैनिक महेश सिन्हा, राधे बंजारे, भेष सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

### शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद, देर रात जीआरपी आरक्षक पर किया जानलेवा हमला

**डोंगरगढ़ 9 जून।** गुरुवार देर रात 11:30 बजे के दरमियान शहर के कुछ बदमाशों ने जीआरपी आरक्षक पर जानलेवा हमला कर दिया । इस हमले में आरक्षक को कई गंभीर चोटे आई है। थाना प्रभारी सी आर चंद्रा की माने तो आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपी जल्द पुलिस गिरफ्त में होंगे । वही प्रार्थी आरक्षक आदित्य शर्मा पिता आशुतोष शर्मा उम्र 28 साल नें थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह देर रात अशोका होटल के सामने से खाना खाकर रेलवे स्टेशन ड्यूटी करने जा रहा था। इसी दौरान कुछ युवक सफेद रंग की कार क्रमांक सी जी 08 एपी 8022 को बीच रोड में खड़े कर आने जाने वालों के लिए परेशानी का कारण बन रहे थे । आरक्षक कि माने तो गाड़ी हटाने का अनुरोध करने पर स्थानीय अशरफ खान उन से गाली गलौज करने लगा। मामला बढ़ता देख अशरफ के सभी 5 साथियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया । जिसमें उनको कई चोटे आई है। सूत्रों की माने तो इस घटना में कुछ आदतन अपराधी भी शामिल थे। जिनके कारण पहले भी शहर का माहौल खराब हो चुका है।

### शहर के गंज चौक एवम देशमुख होटल चिखली में ट्रैफिक सिग्नल चालू



**राजनांदगांव 9 जून।** 8 जून को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय खेस, नवरतन कश्यप एवं राघव एडवरटाईजमेंट रायपुर के सहयोग से शहर के गंज चौक एवं देशमुख होटल चिखली में सुगम यातायात संचालन, आम जनता के सुविधा एवं सुरक्षा हेतु नया ट्रैफिक सिग्नल लगाया गया है। शहर में अब नो पार्किंग, तीन सवारी के साथ-साथ रेड सिग्नल जंप पर भी लगातार कार्यवाही होगी।

### लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऊहापोह, आपसी अंतर्कलह और बिखराव की शिकार रही: केदारनाथ गुप्ता

**रायपुर 9 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने लोकसभा चुनाव के नतीजों के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस में एक बार फिर मचे गुटीय घमासान को लेकर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा है कि बजाय शर्मनाक पराजय के कारणों की समीक्षा करने के कांग्रेस के लोग आपसी जूतमपैजार में लग गए हैं और अपनी चमड़ी बचाने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का संगठनात्मक ढाँचा इस बुरी तरह चरमरा गया है कि वहाँ अब कोई किसी सुनने को तैयार ही नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि आत्म-चिंतन के नाम पर कांग्रेस के लोग अब एक-दूसरे पर आरोप लगाने का ही काम कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव में करारी सिकस्त के बाद भी यही नजारा कांग्रेस में नजर आता रहा और हालत यह थी कि पराजय से सबक लेकर संगठनात्मक ढाँचे और अपने सिकुड़ते जनाधार को दुरुस्त करने पर कांग्रेस का कोई ध्यान नहीं रहा और पूरे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ऊहापोह, आपसी अंतर्कलह और बिखराव की शिकार रही और नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस ने अपनी एक सीट लोकसभा चुनाव में गवाँ दी। श्री गुप्ता ने कहा कि पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के ताजा बयान का हवाला दिया जिसमें धनेंद्र साहू ने कहा है कि पहले तय हुआ था कि बड़े लोग चुनाव लड़ेंगे, पर बाहर जाकर लड़ेंगे, यह तय नहीं हुआ था। सबने अपनी-अपनी पसंद की सीटे छाँट ली और बड़े लोग ही चले गए। कार्यकर्ताओं की अनदेखी हुई।

# नक्सल उन्मूलन में सरकार को मिल रही बड़ी सफलता:संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 9 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री श्रीवास्तव ने एक दिन पूर्व ही नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कोण्डागाँव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ हुई बड़ी कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार प्रदेश को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करके ही दम साधेगी और बस्तर समेत समूचे छत्तीसगढ़ को शांति और विकास की मुख्य धारा से जोड़कर एक नया इतिहास रचेगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलवाद की कमर लगातार तोड़ रही है। नक्सलवाद के खिलाफ प्रदेश में अब निर्णायक लड़ाई चल रही है और कांग्रेस में इससे काफी घबराहट, निराशा और हताशा व्याप्त है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अबूझमाड़ के मुंगेड़ी, गोबल क्षेत्र में शुक्रवार को नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए 7 वर्दीधारी नक्सलियों को मार गिराया है। 7-8 नक्सलियों के घायल होने की भी सूचना है। मारे गए नक्सलियों के शव व हथियार भी पुलिस को मिल चुके हैं। श्री श्रीवास्तव ने इस मुठभेड़ में नारायणपुर डीआरजी के घायल तीन जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश में अब दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ काम करने वाली सरकार है और उसके मार्गर्शन में इस वर्ष इस मुठभेड़ से पहले 120 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले विधानसभा और हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता के समक्ष यह संकल्प व्यक्त किया था कि भाजपा-राजग की सरकार छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त प्रदेश बनाकर रहेगी। प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार के सत्ता सम्हालते ही नक्सलियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करके प्रदेश सरकार अपने संकल्प को पूरा कर रही है। श्री श्रीवास्तव ने नक्सलियों हुई मुठभेड़ों को फर्जी बताए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयानों को दुर्भाग्यपूर्ण और बहादुर जवानों के शौर्य का खुला अपमान बताया और यह जानना चाहा कि कांग्रेस और नक्सलियों के बीच यह भाईचारा का रिश्ता क्यों बार-बार सवाल बनकर खड़ा हो जाता है? श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस के तमाम अनर्गल प्रलाप के बावजूद नक्सलियों के खिलाफ यह जंग जारी रहेगी और भाजपा सरकार बस्तर समेत पूरे छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को नेस्त-ओ-नाबूद करके रहेगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में नक्सलियों के खिलाफ इस वर्ष की यह सातवीं बड़ी सफलता है। इसी वर्ष 27 मार्च को बीजापुक के चिपुरभट्टी में 6 नक्सली, 2 अप्रैल को गंगालूर (बीजापुर) में 13 नक्सली, 16 अप्रैल को अबूझमाड़ के छोटेबेठिया में 29 नक्सली, 30 अप्रैल को अबूझमाड़ के ही टेकमेटा में 10 नक्सली, 10 मई को बीजापुर के पीड़िया में 12 नक्सली, 23 मई को अबूझमाड़ के रेकावाही में 8 नक्सली और 7 जून को अबूझमाड़ के मुंगेड़ी में 5 नक्सलियों को मार गिराया गया है। श्री श्रीवास्व ने कहा कि सैकड़ों नक्सलियों के आत्म-समर्पण और सैकड़ों ही नक्सलियों की गिरफ्तारी के बाद भी प्रदेश सरकार ने नक्सलियों से बातचीत का रास्ता खुला रखा है। प्रदेस सरकार ने नक्सल-समस्या पर अपना रुख साफ रखा है कि नक्सली या तो बोली की भाषा में समझकर मुख्यधारा में लौटें अन्यथा फिर गोली की भाषा में भी उन्हें समझा दिया जाएगा।

# रक्तवाहिका में अल्कोहल इंजेक्ट कर नियंत्रित हार्ट अटैक करा कर बचाई मरीज की जान

**रायपुर.9 जून।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी की बीमारी से ग्रस्त, 32 वर्षीय युवक को अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन प्रक्रिया कर नई ज़िंदगी दी गई। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस इंटरवेंशनल उपचार प्रक्रिया में मरीज की हृदय की नसों में शुद्ध अल्कोहल की कुछ मात्रा को इंजेक्ट कर दिल में कृत्रिम लेकिन नियंत्रित हार्ट अटैक किया गया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी एक वंशानुगत स्थिति है जिसमें दिल की मांसपेशी असामान्य रूप से मोटी हो जाती है। दिल की मांसपेशी मोटी हो जाने की वजह से दिल के लिए खून पंप करना कठिन हो जाता है। आमतौर पर इस रोग का पता चल नहीं पाता। ऐसी स्थिति वाले ज्यादातर लोगों में कोई लक्षण नहीं होते। कुछ लोगों को सांस फूलना, सीने में दर्द या दिल की असामान्य धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती है। अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी के इलाज के लिए एक नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया है। अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन कैथेटर के सहारे की जाने वाली प्रक्रिया है। कैथेटर के सिरे पर एक गुब्बारा होता है। तकनीक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के समान है जिसमें फ्लोरोस्कोपिक (एक्स-रे) और इकोकार्डियोग्राफिक (अल्ट्रासाउंड) मार्गदर्शन के तहत धमनी में शुद्ध अल्कोहल की एक छोटी मात्रा को डाला जाता है। अल्कोहल दिल की कुछ मांसपेशियों की कोशिकाओं को सिकोड़ देता है जिससे दिल से होकर शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। प्रोसीजर के बाद बलून को शरीर से बाहर निकाल देते हैं।



## पुलिस ने गुमशुदा युवती को खोज कर मिलाया परिजनों से

**डोंगरगढ़ 9 जून।**पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी.आर. चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्रमांक 54/2024 के गुमशुदा उम्र- 23 वर्ष जो दिनांक 15.05.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसको आज दिनांक- 07.06.2024 को सकुशल बरामद कर दस्तयाब किया गया है। पुछताछ करने पर गुमशुदा द्वारा अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।



# क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा लोकप्रिय:रविन्द्र वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 9 जून।** नवयुवक स्टार क्लब ग्राम पंडरीपथरा द्वारा आयोजित रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए।जिसमें फाइनल मैच ग्राम धरमूटोला एवं मां गुप के मध्य खेला गया जिसमें धरमूटोला के टीम विजयी हुई। साथ ही ग्राम पड़रीपथरा की टीम तृतीय स्थान प्राप्त की। मुख्य अतिथि श्री रविन्द्र वैष्णव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट का खेल अनिश्चिताओं से भरा हुआ खेल है, और देश का सबसे लोकप्रिय खेल है। हमें अच्छा खिलाड़ी बनने, परिश्रम और अनुशासन के साथ खेल को खेलना चाहिए, जिससे भविष्य में एक महान खिलाड़ी बन सकें,आज गांवो में अपने खेल का प्रदर्शन कर आज गांवों के खिलाड़ी आईपीएल व अंतराष्ट्रीय मैचों में प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही श्री वैष्णव ने सभी विजेता खिलाड़ी व उप विजेता टीम को शुभकामनायें प्रेषित किया। इस अवसर पर पत्रकार शिशुपाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कुमार साय, श्रीमती गीता लेखराम बघेल, श्रीमती प्रतिमा पटेल,विजय कुमार साहू, श्रीमती उषा बाई, विजय साहू,गौकरण सिन्हा, देवीलाल साहू, प्रदीप कंवर, देवकुमार,रतनलाल सिन्हा, राकेश ठाकुर, सुरेन्द्र कुमार, गजानंद साहू, राकेश कुमार, दीपक कुंजाम सहित खिलाड़ी साथी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों के तैयार किए गए गांव के मॉडल को देख कहा,अन्य जिलों के लिए बनेगा मॉडल

# संचालक ने नगरी ब्लाक के अंतिम गांव पहुंच कर कमार परिवारों से की चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 9 जून।** संचालक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण श्री रजत बंसल ने जिले के अंतिम छोर पर बसे मटियाबहार पहुंचकर विशेष जनजाति कमार परिवारों से चर्चा की। श्री बंसल ने कहा की जल, जंगल और ज़मीन को बचाने मे आपकी महत्वपूर्ण भूमिका हैद्य आपके समाज की प्रगति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज आप बिना किसी संकोच के अपनी बात हमारे समक्ष रख रहे है और शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी ले रहे है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा कि आपकी मांग अनुसार आपको विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। बड़े ही गर्व की बात है कि समाज प्रमुखो ने मिलकर इन सभी कार्यों को समय अवधि में पूर्ण कराया है। उन्होंने कहा कि आगे भी विशेष जाति कमार और अन्य लोगों के इस प्रकार के कार्य किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर गांव के सरपंच ने गांव का नजरी नक्शा, ग्राम की जानकारी, वनखंड नक्शा, पेड़ प्रगति प्रति हेक्टयर वनो का घनत्व, वनाधिकार समिति और नाला निर्माण की जानकारी दी, जिसे सुनकर श्री बंसल ने कहा कि आपके द्वारा तैयार किए गए गांव के मॉडल को देखकर मै अभिभूत हूँ, उन्होंने कहा की यह कार्य अन्य जिलों के लिए मॉडल बनेगा। वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री जगदीश मरकाम ने बताया कि बरसों से हमारे पूर्वज वनों की रक्षा करते आए हैं और हम भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव वाले माह में एक दिन बैठक कर योजना बनाते हैं। वन संसाधन समिति के तहत् वनों की रक्षा के लिए कार्य किया जाता है। वनों से हमे वनौषधि प्राप्त होती है तथा हमें वनाधिकार, सामुदायिक और व्यक्तिगत पट्टा प्रदाय किया गया है।

समाज प्रमुख श्री सरोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष किशोरी जनजाति के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ लाभान्वित किया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य, सड़क, पुल पुलिया, शिक्षा, पोषण, आवास, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, पशु व मछली पालन, उज्जवला गैस आदि शामिल है। हम सभी कमार जाति के लोग शासन की इन योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने जीवन स्तर को और बेहतर बनाने का काम करेंगे। इस अवसर समाज और गांव के अन्य प्रमुख व्यक्तियों ने भी अपने अनुभव साझा किये। गांव की बी सी सखी ने बताया कि वह बिहान से जुड़ी है और खाता खोलने का काम करती है। इसके साथ ही यहाँ के ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओ मनरेगा मजदूरी, पेंसन भुगतान, पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्मित किया जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के किस्त की राशि,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना सहित जीरो बैलेंस पर खाता खोलना व जनधन खाता के लाभो की जानकारी देने का कार्य कर रही है, इस मौके पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव सहित नगरी एसडीएम पवन कुमार प्रेमी जनपद सीईओ बिमल कुमार साहू करारोपन अधिकारी आनंद साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### धमकी देने वाला गिरफ्तार



**राजनांदगांव 9 जून।** पुलिस चौकी तुमडीबोड के अप.क्र. 238/2024 धारा 506, 376(2)(द) भादवि के प्रकरण की पीडिता ने चौकी तुमडीबोड आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता के गांव का चंद्रहास साहू जो फुल तोडने के बहाने घर आया और पीडिता को घर में अकेली पाकर पीडिता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया पीड़िता को घटना के बारे में किसी को बताऐंगी तो तेरे पति एवं बच्चों को जान से मारकर फेंक दूंगा कहकर धमकी दिया जिससे पीड़िता डर गई थी। उसके बाद से चन्द्रहास साहू दो-तीन दिन के आड़ में पीड़िता के घर आकर पीडिता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था। दिनांक 31.05.2024 को दोपहर करीबन 03:00 बजे जब घर में कोई नही था तब चन्द्रहास साहू पीड़िता के घर आकर पीडिता के साथ फिर से जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया है। जिस पर पीडिता अपने परिवार वालो को घटना की जानकारी देकर पुलिस चौकी तुमडीबोड आकर रिपोर्ट दर्ज करने पर महिला विवेचना अधिकारी द्वारा अपराध सदर धारा का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा सर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक सर के निर्देशन मे पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 08/06/2024 को आरोपी चन्द्रहास साहू को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड के प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, उप निरी.रामेश्वरी बघेल थाना डोगरगढ, सउनि अनिल यादव, म.प्र.आर. 846 चंद्रकली कंवर, आर. 1233 कमल नेताम, आर. 494 चंद्रशेखर यादव, आर.1024 देवानंद परतेती का कार्य सराहनीय रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर शाला परिसर में किया गया पौधरोपण

**राजनांदगांव 9 जून ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न स्कूलों में स्काउट्स-गाइड्स द्वारा पौधरोपण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री अभय कुमार जायसवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाला परिसर में नीम, आम, पीपल, बरगद के पौधे लगाकर पर्यावरण एवं संतुलन का संदेश दिया गया। जिसमें राजनांदगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानपुरी, ठाकुर प्यारेलाल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी, संकुल केन्द्र कन्हारपुरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पदुमतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सुरगी में पौधरोपण किया गया। इसी तरह डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ परिसर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभाठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मुरमुन्दा, नगर पालिका परिषद विकासखंड एवं छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला साल्हे में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पदेन सहायक जिला आयुक्त गाइड श्रीमती वीरेन्द्र कौर गरचा, प्राचार्य पदेन ग्रुप लीडर स्काउट-गाइड श्रीमती विनोद, श्रीमती संगीता खोब्रागढ़े, श्री भूषण साव, श्रीमती संध्या किरण मिंज, सुश्री शैलजा मसीह, श्रीमती नंदा मेश्राम सहित स्काउट गाईड रोवर रेंजर स्काउटर गाइडर शिक्षक-शिक्षिका श्री जीपी नेताम, श्री राजाराम देवांगन, श्री नीरेन्द्र नीलम साहू, श्री साकिर खान, श्री मिलिंद मुदलियार, श्रीमती सरिता साहू, सुश्री अंजली वैद्य, श्रीमती भारती रजक, श्री राकेश भावते, श्रीमती नीलिमा ढोमने, सुश्री सुनीता चंद्राकर, श्री डेहर साहू सहित स्काउट गाइड ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### कृषक एनेश्वर वर्मा को मिला नवोन्मेषी किसान सम्मान



**राजनांदगांव 9 जून।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली के अध्यक्ष एवं निदेशक डॉ. अशोक सिंह द्वारा जिले के कृषक श्री एनेश्वर वर्मा को कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए नवोन्मेषी किसान से सम्मानित किया गया। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पारागांव खुर्द के कृषक श्री एनेश्वर वर्मा आधुनिक खेती तकनीकों का उपयोग करके एकीकृत खेती को अपनाने वाले एक नवोन्मेषी किसान है। धान, गेहूं और दालों की खेती के अलावा टमाटर, मिर्च, गेंदा, आम जैसी बागवानी फसलें उगा रहे हैं तथा मवेशी और मछली पालन भी कर रहे हैं। फास्फोरस युक्त जैविक खाद का उत्पादन कर रहे हैं और खेतों में मशीनीकरण व जल संचयन को अपनाया है। श्री वर्मा ने अपने खेतों में लगी फसलों को जंगली-जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए पीवीसी पाइप और गैस लाइटर का उपयोग करके एक नवोन्मेषी ध्वनि प्रणाली विकसित की है। उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ लेते हुए खेतों में छायादार, जाल, ड्रिप सिंचाई और तालाब स्थापित किया है। श्री एनेश्वर वर्मा को उन्नत कृषक पुरस्कार, डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रतन सम्मान, इंटरनेशनल ग्लोबल ग्रीन पुरस्कार, प्राइड ऑफ यंग हिन्दुस्तान, अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। कृषक श्री एनेश्वर वर्मा की सफलता से प्रेरित होकर विभिन्न किसानों ने अपने आजीविका में सुधार के लिए फसल उत्पादन की नवीन तकनीकों को अपनाया है।

# संजय मिश्रा और विनीत कुमार ने बचाई थी रोहिताश्व गौड़ की जान!

बॉलीवुड की चमक-दमक से भरी दुनिया में कभी-कभार परदे के पीछे भी सच्ची जांबाजी के कुछ उदाहरण देखने को मिल जाते हैं। ऐसा ही कुछ रोहिताश्व गौड़ के मामले में भी हुआ। एण्डटीवी पर वे 'भाबीजी घर पर हैं' के अपने किरदार मनमोहन तिवारी के लिए बेहद मशहूर हैं। गौड़ ने अपने कॅरियर के शुरूआती दिनों के कुछ बेहद ही डरावने अनुभवों के बारे में बताया। खासतौर से उन्होंने अपने करीबी दोस्त और जाने-माने एक्टर संजय मिश्रा व विनीत कुमार से जुड़ी उस घटना के बारे में बताया जहां उन्होंने रोहिताश्व की जान बचाई थी। इस बारे में बताते हुए, रोहिताश्व गौड़ कहते हैं, ''ये सन् 1990 की बात है, संजय, विनीत और मैं, मुंबई के सांताक्रूज में किराए के एक अपार्टमेंट में साथ रहते थे। वो एयरपोर्ट के काफी करीब था। भयानक गर्मी वाली एक रात हमने छत पर ही सोने का फैसला किया, क्योंकि वहां मकानमालिक के बेटे का बर्थडे मनाया जा रहा था और हमें गर्मी से राहत भी पानी थी। लेकिन हम इस बात से बेखबर थे कि ऊपर लगे टैंक से पानी गिरा



हुआ है। हवाईजहाजों के जबर्दस्त शोर के बावजूद हमें नींद आ गई। अगली सुबह, मैं एक बेहद ही खौफनाक सच्चाई के साथ जगा। मैं अपनी जगह से हिल भी नहीं पा रहा था। कुछ अनहोनी को भांपते हुए, संजय और विनीत बिना किसी देरी के तुरंत हरकत में आए। उन्होंने मुझे खड़ा करने और चलाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उनकी कोशिश नाकाम रही। वे किसी तरह मुझे लेकर समय पर अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टर ने कहा कि मेरी पूरी रीढ़ रातभर पानी के संपर्क में रही, इसलिए मैं लगभग लकवाग्रस्त होने की स्थिति में पहुंच चुका था। यदि मेरे दोस्त तत्काल हरकत में नहीं आते तो मैं गंभीर रूप से चोटिल हो सकता था। वो बेहद ही डरावना अनुभव था, लेकिन मैं संजय और विनीत का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने तुरंत कदम उठाया और निःस्वार्थ रूप से सहयोग किया। रोहिताश्व कहते हैं, ''उस घटना के बाद मेरी रिकवरी का सफर काफी लंबा और तकलीफदेह रहा, इसलिए मैंने मुंबई छोड़कर अपने होमटाउन लौटने का फैसला किया। वहां मैं कई महीनों तक बेड रेस्ट पर रहा। जब मुझमें थोड़ी ताकत आई तो मैंने दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा रिपर्टरी कंपनी में दाखिला ले लिया। 1997 में मुंबई लौटकर अपना सफर शुरू करने का फैसला लेने से पहले मैंने छह साल तक अपनी इस कला को संवारने का काम किया। उस घटना का मुझ पर बेहद ही गहरा प्रभाव पड़ा था। संजय और विनीत ने मेरे मुश्किल समय में जो किया उसके लिए मैं हमेशा ही उनका आभारी रहूंगा। मैं तहे दिल से उनका शुक्रिया करता हूं। इस इंडस्ट्री में हमेशा ही एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ और प्रतिस्पर्धा की कहानियां ही ज्यादातर सुनने को मिलती हैं, लेकिन दोस्ती और जांबाजी का यह किस्सा याद दिलाता है कि मनोरंजन जगत की चकाचौंध से भरी दुनिया में भी गहरे रिश्ते बन सकते हैं।'

# एक्टर्स इस चिलचिलाती गर्मी में बड़ी ही बेसब्री से कर रहे हैं मानसून का इंतजार !

जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ता जा रहा है लाखों, भारतीय मानसून के आने की बेसब्री से राह देख रहे हैं। उनके सूखे खेत-खलिहान बारिश की पहली बूंद के लिए तरस रहे हैं। यह इंतजार केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं, बल्कि एण्डटीवी के हमारे प्यारे कलाकारों तक भी पहुंच रहा है। उनकी उत्सुकता में हमें अपनी झलक देखने को मिलती है, क्योंकि उन्हें भी इस भयंकर गर्मी से राहत चाहिए। अटल' में कृष्ण बिहारी वाजपेयी की भूमिका निभा रहे, आशुतोष कुलकर्णी कहते हैं, ''इस झुलसती गर्मी से राहत पाने के लिए मुझे मानसून के आने का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है। मुझे साल में सबसे ज्यादा बारिश का मौसम ही पसंद है और मुझे एडवेंचर्स को लेकर प्लानिंग करना अच्छा लगता है। अपने परिवारवालों और दोस्तों के साथ मुझे किसी करीबी हिल स्टेशन लॉन्ग ड्राइव पर जाना और प्रकृति के बीच वक्त बिताना अच्छा लगता है। आमतौर पर मैं इस मौसम के जल्दी आने की कामना किए बिना भी इसका आनंद लेता हूं, लेकिन इतनी गर्म हवाओं को झेलने के बाद मैं चाहता हूं कि जल्द से जल्द यह मौसम आ जाए (हंसते हुए)। छत पर बूंदों की टिप-टिप और गीली मिट्टी की खुशबू बहुत ही ताजगीभरा और शांति देने वाला एहसास होता है। बाहर बारिश की टिप-टिप और गरमागर्म कॉफी की चुस्कियों के साथ एक अच्छी-सी किताब पढ़ने का इंतजार कर रहा हूं। बारिश के साथ आने वाली हरियाली हमेशा ही ताजगी और नएपन का एहसास कराती हे। मैं हमेशा ही सुकूनभरी बरसाती शाम में स्वादिष्ट गरमागर्म पकौड़ों और चाय का आनंद लेने को आतुर रहता हूं। यह वाकई साल का सबसे मनमोहक मौसम होता है। इससे मुझे बड़ी राहत और खुशी मिलती है। 'हप्पू की उलटन-पलटन' में बिमलेश का



किरदार निभा रहीं, सपना सिकरवार कहती हैं, ''जिस तरह बाकी लोगों को इस मौसम के जल्द से जल्द आने का इंतजार है, मैं भी बड़ी ही बेसब्री से पलकें बिछाए बैठी हूं। वैसे मुझे बारिश का मौसम कुछ खास पसंद नहीं, लेकिन तेजी से बढ़ता पारा अब सहन नहीं हो रहा। मैं अपने पति और बेटी के साथ इगतपुरी जाने के बारे में सोच रही हूं। बारिश के मौसम में यह काफी खूबसूरत लगता है। आमतौर पर मैं अपनी बालकनी में कॉफी का कप लेकर बैठना पसंद करती हूं। पहली बारिश का इंतजार हर किसी को रहता है और ऐसा लगता है जैसे हर कोई मेरी तरह ही उत्सुक है। मैं अभी से ही बारिश के साथ आने वाली हरियाली और ताजी ठंडी हवाओं के बारे में कल्पना कर पा रही हूं। यह कितने कमाल की बात है कि मौसम में बदलाव, आपका उत्साह बढ़ा देता है और अपने साथ राहत व नई ताजगी लेकर आता है। मुझे प्रकृति में होने वाले इस बदलाव का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि बारिश हमारे आस-पास की चीजों में नई जान भर देती है। यह अपनों के साथ सुकूनभरे पल बिताने, गरमागर्म चाय की चुस्कियां लेने का मौका होता है। साथ ही अपनी खिड़कियों पर बारिश की बूंदों की कलाकारी का लुत्फ उठाने का भी। मुझे अपने परिवार के साथ उन खूबसूरत पलों को बिताने और ढेर सारी यादें बनाने का इंतजार है। 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं, विदिशा श्रीवास्तव कहती हैं, ''मेरे लिए मानसून प्रकृति की एक सरगम की तरह है, जोकि जीवन और उम्मीद की किरण लेकर आता है। बारिश की पहली बूंद और उसके साथ आने वाली ठंडी-ठंडी हवाओं का मुझे बेसब्री से इंतजार है। नएपन के इस मौसम में मुझे अलग-अलग तरह की चाय- मसाला चाय, अदरक वाली चाय या लेमनग्रास टी पीकर सुकून महसूस होता है।

# शुभांगी अत्रे अपनी बेटी से मिलने के लिए गईं विदेश!

एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभाकर



लोकप्रिय हुईं शुभांगी अत्रे को तो आप जानते ही हैं। शुभांगी हाल ही में अपनी बेटी से मिलने के लिए सात समंदर पार करने का सफर किया। गौरतलब है कि आशी अभी सिएटल, यूएसए में पढ़ाई कर रही हैं। अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच शुभांगी ने अपनी बेटी के साथ मिलकर 12 दिनों के समर वेकेशन का वक्त निकाल ही लिया। शुभांगी अत्रे, ऊर्फ अंगूरी भाबी इस खुशी से फूली नहीं समा रही हैं। उन्होंने बताया, ''मेरी बेटी आशी मुझसे काफी वक्त से दूर है। इसलिये मैंने हाल ही में एक ब्रेक लेने का फैसला किया था, ताकि उसके साथ कुछ खास पल बिता सकूं। हमारी मुलाकात की उम्मीद ही बेजोड़ थी। हम साल में सिर्फ दो बार एक-दूसरे से मिल पाते हैं और मुझे उससे मिलने का बहुत मन कर रहा था। सिएटल में तरह-तरह की जगहें घूमने और बेहतरीन यादें लेने के विचार ने मुझे खुशी से भर दिया। हम एडवेंचर में खो गये और हमने कई तस्वीरें खींचकर अपने खास पलों को संजोया, जिससे हमारी खुशी बढ़ गई। यह तरीका हम दोनों को पसंद है। हमारे डेली रुटीन से मिला जरूरी ब्रेक सिएटल के सुखद माहौल से और भी बेहतर हो गया। वहाँ का वातावरण मुंबई की झुलसाने वाली गर्मी से बिलकुल अलग था।

# प्रार्थना अपने दुर्घटना के सदमे से उबरने के लिए चॉल छोड़ने को तैयार

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी बताता है, जो बिना उम्मीद खोए जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हालिया एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि बापोदरा चॉल के सदस्य अश्विन (नवीन पंडिता) के सबसे अच्छे दोस्त भास्कर (विक्रम मेहता) को खोने के गम से उबर रहे हैं।

आगामी एपिसोड्स में, तनाव बढ़ जाता है क्योंकि मीडिया में प्रार्थना के मामले पर विधायक पाटिल (शारुख सदरी) और बापोदरा (जयेश भरभाया) की बातचीत की रिकॉर्डिंग लीक हो जाती है, जिस पर अपनी कार से भास्कर की बाइक को टक्कर मारने का आरोप लगाया गया है। मीडिया पुष्पा के परिवार पर बरसता है और मांग करता है कि बापोदरा और प्रार्थना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस दें। हालांकि, प्रार्थना कॉन्फ्रेंस में सुन्न पड़ जाती है और कुछ भी नहीं बोल पाती है। उस वक्त उसका पति चिराग (दर्शन गुर्जर) उसके समर्थन के लिए सामने आता है। प्रार्थना अपराधबोध से ग्रस्त है क्योंकि भास्कर की पत्नी आशावरी (मानसी जैन) ने उसे माफ नहीं किया है। अपने दिल पर अपराध बोध की चट्टान रखकर, पुष्पा ने उसे चिराग के



बिना जूनागढ़ में उसके अंकल के घर भेजने का फैसला किया, ताकि वह अपने सदमे से उबर सकें।

प्रार्थना की भूमिका निभाने वाली इंद्राक्षी कांजीलाल ने कहा, ''जो कुछ भी हुआ उसके बाद प्रार्थना को मुश्किल दौर से गुज़रना पड़ रहा है। वह दुर्घटना के बाद भास्कर की मौत के लिए अपराधबोध महसूस करती है और सोचती है कि हर कोई उसके आसपास रहने से परेशान है। इसलिए, वह कुछ समय के लिए कहीं और जाने का फैसला करती है और पुष्पा के जूनागढ़ जाने के विचार से सहमत होती है। वह अकेली नहीं रहना चाहती और इसलिए चाहती है कि उसका पति भी वहां जाए, हालांकि, उसकी सास पुष्पा तय करती है कि उसका अकेले जाना ही समझदारी भरा फैसला होगा। भले ही इससे प्रार्थना नाराज हो गई है, फिर भी वह आगे बढ़ने का फैसला करती है क्योंकि वह जानती है कि इससे सभी को मदद मिलेगी, जिसमें वह खुद भी शामिल है। यह मुश्किल निर्णय है, लेकिन उसे उम्मीद है कि इससे सबका भला होगा।''

# यह सिर्फ एक नकारात्मक किरदार नहीं है; इसके ढेरों मनोरंजक पल भी हैं

सोनी सब का शो 'वंशज' युविका महाजन (अंजलि तत्रारी) की कहानी दर्शाता है, जो विरासत से संबंधित पारंपरिक मानदंडों के खिलाफ लड़ रही है। यह प्रबल ड्रामा कुछ हल्के-फुल्के मोड़ भी लाता है, क्योंकि स्क्रीन पर सृष्टि वर्मा के चालाक और नकारात्मक किरदार को निभाते हुए, उत्कर्षा नाइक अपनी भूमिका में ह्यूमर शामिल करती हैं, और ऑफस्क्रीन एक मज़ेदार माहौल बनाती हैं। नकारात्मक लेकिन मज़ेदार किरदार सृष्टि वर्मा की भूमिका निभा रही, उत्कर्षा नाइक अपने संवादों और स्क्रिप्ट में सहज रूप से मज़ेदार बातें जोड़कर सेट में उत्साहजनक



माहौल बना देती हैं। हिंदी हार्टलैंड की एक बुद्धिमान, चालाक और प्रभावशाली राजनीतिक फिक्सर के रूप में, उत्कर्षा ने सेट की एक मज़ेदार घटना के बारे में बताया, जिसने पूरी कास्ट और क्रू को हैरान कर दिया था। एक सीन में, डीजे की योजना के तहत, उसकी मां गार्गी (परिणीता सेठ) अपनी बेटी मिराया (गीतांजलि मंगल) की सुरक्षा गार्ड निखिल (आर्यन अरोड़ा) से शादी का समर्थन करने का नाटक करती है। शादी के सीक्वेंस के दौरान, मिराया चावल के दाने उछालती है और सृष्टि, उसकी मां होने के नाते, परंपराओं के अनुसार उन्हें अपने पल्लू में इकट्ठा करती है। हालांकि, हमेशा इम्प्रोवाइज़ करने वाली उत्कर्षा अचानक ही फर्श पर बिखरे दानों को उठाने लगती हैं, जिससे स्पॉट दादा से लेकर लाइट मैन तक सभी लोग हंसने लगते हैं।

# "बूम बूम" गाने में शारवानंद के साथ मचाया धमाल

अपने बेस्ट परफॉरमेंस और शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर एक्ट्रेस सीरत कपूर ने आज रिलीज हुई अपनी नई फिल्म "मनामे" से एक बार फिर दर्शकों का प्यार जीता है। इस फिल्म में, सीरत शारवानंद के साथ एक गेस्ट की तरह भूमिका में हैं, और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पहले से ही शहर में चर्चे में है, खासकर फिल्म में और "बूम बूम" गाने में। "मनामे" एक ऐसी फिल्म है जो रोमांस, ड्रामा और संगीत का वादा करती है। 10 साल बाद सीरत कपूर और शारवानंद की जोड़ी फिल्म की घोषणा के बाद से ही चर्चा में है। उनकी केमिस्ट्री फिल्म को और रोमांचक बनती है, जिससे लोग यह मूवी को बहुत प्यार देंगे। "मनामे" का एक फेमस गाना "बूम बूम", जहां सीरत और शारवानंद अपने डांस मूव्स से स्क्रीन को जगमगा देते हैं। यह गाना हेशम अब्दुल वहाब द्वारा रचित है, यह एक पार्टी और उत्साहित करने वाला गाना है। फेमस कोरियोग्राफर राजू सुंदरम की कोरियोग्राफी ने दोनों




अभिनेताओं को अपने डांस मूव्स से झूमा दिया है। "बूम बूम" में सीरत कपूर का अभिनय किसी शानदार से कम नहीं है। उनकी एक्सप्रेशन आंखें, सुंदर चाल और उनकी अदाएं गाने को ओर खूबसूरत बनाती है और स्क्रीन पर यादगार पल भी पेश करती है। जैसे-जैसे सीरत कपूर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं, फ़ांस बेसब्री से उनके अगले फिल्म का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें विश्वास है कि वह स्क्रीन पर अपना ये जादू जारी रखेंगी।

# कलाकारों ने गर्मियों में घूमने की अपनी पसंदीदा जगहों के बारे में बताया

गर्मियों के मौसम में जब सूरज की किरणें तेज हो जाती हैं और दिन लंबे हो जाते हैं, तब मन करता है गर्मी की छुट्टियाँ मनाने का और कहीं घूमने जाने का। यह मौसम हमें रूटीन से बेहद जरूरी ब्रेक दिलाता है और नई जगहों पर घूमने, अपने करीबी लोगों के साथ यादें बनाने एवं रोजाना के तनाव से राहत पाने का मौका भी देता है। इस मौसम को देखते हुए, एण्डटीवी के कलाकारों ने हाल ही में अपनी गर्मी की छुट्टियों को मौज-मस्ती के साथ रोमांचक बनाया। इन कलाकारों में राहुल जेठवा (अवध बिहारी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी, 'भाबीजी घर पर हैं') शामिल हैं। अवध के अटल बिहारी वाजपेयी, यानि राहुल जेठवा ने बताया, ''हालिया समर वैकेशन के दौरान मैंने और मेरे परिवार ने मुंबई के पास एक हिल स्टेशन कर्जत में रोजाना की व्यस्तता भरी जिन्दगी से ब्रेक लिया जो प्राकृतिक शांति के बीच रीकनेक्ट होने और ताजगी पाने का एक बेहतरीन मौका था। हमारा प्यारा पेट हमारे साथ था और उसने भी हमारी तरह खूब मस्ती की। हम एक खूबसूरत कंट्रीसाइड रिसॉर्ट में ठहरे थे, जिसके आस-पास मन को लुभाने वाली हरियाली थी। पेट-फ्रैंडली उस रिसॉर्ट में शानदार नजारों वाले कॉटेज और सारी जरूरी सुविधाएँ थीं। यह वैकेशन मेरी माँ को खुश कर देने वाला एक सरप्राइज था, क्योंकि मैं और मेरा भाई अक्सर शूटिंग में व्यस्त रहते हैं और हमें माँ के साथ वक्त बिताने का मौका कम ही मिल पाता है। कर्जत में हम हरियाली की लंबी सैर पर निकले और हमने नदी के शांत किनारे पर पिकनिक का मजा लिया और कर्जत की प्राकृतिक सुंदरता में खो गए। हमने रिवर राफ्टिंग के रोमांच का भी आनंद उठाया। इस बार की छुट्टियाँ यादगार रहेंगी क्योंकि यह आराम की तलाश करने, रिश्तों को मजबूत बनाने और प्रकृति से दोबारा जुड़ने का सफर था।''



'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश, ऊर्फ गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''समर वैकेशंस के दौरान मुझे दो ट्रिप्स पर जाने का मौका मिला। सबसे पहले मैं जयपुर गई, उस शहर की मेरे दिल में एक खास जगह है। वहाँ का मुख्य आकर्षण खाटू श्याम मंदिर रहा जहाँ मुझे गहरा आध्यात्मिक अनुभव मिला। जयपुर की जीवंत संस्कृति और आकर्षक वास्तु-शिल्प मुझे हमेशा लुभाती है। व्यस्त बाजारों से लेकर ऐतिहासिक किलों तक, शहर का हर हिस्सा जीवंत और अतीत की कहानियों से जुड़ा है।

# फिल्म" संगी रे लहुट के आजा" 11 अक्टूबर से सिनेमाघरों में


रायपुर.. ब्लॉक बस्टर छतीसगढ़ी फिल्म मोर छैया भुइयां पार्ट 1व 2 के सफल संगीत निर्देशक बाबला बागची के जोरदार फिल्म निर्देशन में "संगी रे लहुट के आजा " दर्शकों के बीच 11 अक्टूबर 2024 को प्रदेश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने जा रहे है ,फिल्मी कैरियर में बाबला निर्देशक सतीश जैन को प्रेरणा और गुरु मानते है इस फिल्म में कहानी स्क्रीन प्ले ,पटकथा, संगीत एवम निर्देशन के साथ निर्माता बाबला बागची , सुशील गर्ग (पिंटू) निर्देशक ने आगे बताया कि फिल्म म्यूजिकल रोमांस एक्शन फैमिली ड्रामा के साथ मनोरंजन का भरपूर मसाला दिखाया गया है, फिल्म में 2 हीरो है प्रतीक एवम प्रकाश अवस्थी इनके साथ हिरोइन सिल्की , शिखा चिताम्बरे रोमांस करते नजर आएंगी फिल्म मे 6 गाने हैं ,फिल्म में अपने अभिनय का जलवा बिखरेंगे योगेश अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह, सतीश जैन, हेमलाल कौशल, मोहन सुंदरानी, लखी सुंदरानी,गुलाम हैदर मंसूरी, सिग्मा उपाध्याय, धर्मेंद्र अहिरवार, सानी धबड़े अनिता उपाध्याय है फिल्म में कैमरे में कमाल दिखाया है दिनेश ठक्कर दादा ने एवम कोरियोग्राफी की है दिलीप व्यास व




चंदनदीप ने फिल्म को पूरन किरी संपादित किया है फिल्म आगामी 11 अक्टूबर 2024 को प्रदेश में रिलीज़ की जायेगी

# हीरामंडी लुक को दोबारा रिक्रिएट करने पर डेलबार आर्या ने ढाया कहर", फ़ांस ने बुलाया बिबोजान

संजय लीला भंसाली की "हीरामंडी" को लेकर उत्साह स्पष्ट है, विशेष रूप से इसके स्टार-स्टडेड कलाकारों ने श्रृंखला की भव्य दुनिया को जीवंत कर दिया है। भारी गहनों से सजी मैरून पोशाक में डेलबार आर्या का हीरामंडी लुक एक केंद्र बिंदु बन गया है, जिसकी तुलना अदिति राव हैदरी और अन्य कलाकारों की आकर्षक उपस्थिति से की जा रही है। अपने पुनर्निर्मित "हीरामंडी" लुक में, डेलबार आर्या एक समृद्ध मैरून पोशाक के साथ मंत्रमुग्ध कर देते हैं, जो राजसी लालित्य का प्रतीक है। जटिल सोने की कढ़ाई और अलंकरणों से सजी यह पोशाक विलासिता और परंपरा की बात करती है। गहरा मैरून रंग उसकी भव्य उपस्थिति को बढ़ाता है, एक साहसिक और यादगार बयान देता है। डेलबार ने



अपने पहनावे को विभिन्न भारी गहनों के साथ पूरा किया है, जिसमें एक भव्य हार, विस्तृत झुमके और एक शानदार मांग टीका शामिल है। उसके चरित्र की शाही आभा को बढ़ाने के लिए प्रत्येक टुकड़े को सावधानीपूर्वक चुना गया है। उनका मेकअप नाटकीय होने के साथ-साथ आकर्षक भी है, जिसमें बोल्ड काजल लगी आंखें और लाल होंठ उनकी पोशाक के साथ मेल खाते हैं। उनके बाल, लाल गुलाबों से सजाए गए और पारंपरिक सामानों से सजे हुए, उनके लुक को पूरा करते हैं, जो "हीरामंडी" युग की भव्यता का प्रतीक है। भारी गहनों के साथ मैरून रंग की पोशाक में डेलबार आर्य का "हीरामंडी" लुक अपनी राजसी भव्यता और भव्यता के लिए सामने आता है.

# लेखक नीरज विक्रम ने बताया अपना अनुभव

"छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान" के लेखक नीरज विक्रम ने हाल ही में महान अभिनेता अनुपम खेर के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की है। उन्होंने खेर की टैलेंट और मेहनत तारीफ की कि कैसे



उनके योगदान ने लाइव-एक्शन फिल्म को महत्वपूर्ण रूप से सफल किया। नीरज विक्रम ने अभिनेता की कला की गहराई से प्रशंसा की। नीरज ने कहा, "अनुपम खेर बेशक भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी टैलेंट और उनकी भूमिकाओं के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणादायक रहा है, और उनके साथ काम करने का अवसर मिलना एक अत्यंत सम्मान की बात है।" "छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान" में अनुपम खेर ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, गुरु शंभू के रूप में उनके किरदार ने कहानी में गहराई और गंभीरता जोड़ दी है। नीरज विक्रम ने बताया कि कैसे अनुपम खेर की भागीदारी ने फिल्म को ऊपर उठायाः "उन्होंने एक फिल्म में अद्भुत काम किया है, उनके किरदार ने कहानी में एक अनोखी गहराई ला दी है और इसे और अधिक आकर्षक और प्रभावशाली बना दिया है। इस अनुभव से प्रेरित होकर, नीरज विक्रम ने अनुपम खेर के साथ फिर से काम करने की उत्सुकता व्यक्त की। "छोटा भीम एंड द कर्स ऑफ दमयान" में अनुपम खेर के साथ काम करना अभिनेता के टैलेंट और क्रिएटिविटी की समृद्ध प्रकृति का प्रमाण है। अनुपम खेर के शानदार प्रदर्शन ने न केवल फिल्म को बेहतर बनाया बल्कि इसमें शामिल सभी लोगों पर एक अमिट छाप भी छोड़ी।

# "आउटसाइडर होने की वजह से मैंने किया है ठंडे रिस्पांस का सामना" जोया हुसैन




लिपिका वर्मा

ज़ोया हुसैन को "मुक्काबाज़" में उनकी भूमिका से पहचान मिली थी। तब से, एक्टर्स लगातार सफलता की सीधी चढ़ती जा रही हैं और उनकी लेटेस्ट फ़िल्म है "भैया ी" !जोया हुसैन को "भैया जी" में उनकी भूमिका के लिए, खास कर के एक्शन सीन्स में उनके परफेक्ट परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली है। हालांकि, मनोज बाजपेयी स्टारर इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। इसके बावजूद, सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों में फैंस ने "भैया जी" को खूब प्यार दिया है, साथ ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्मेंस देते हुए सफल साबित हुई है। यह बहुत सारी चीजों का कॉम्बिनेशन था। सबसे पहले, मुझे सच में डायरेक्टर अपूर्व सिंह कार्की और मनोज (बाजपेयी) जी के साथ काम करना था। फिल्म की कहानी एक फैमिली रिवेंज ड्रामा है। लीड फीमेल के तौर पर, इस तरह की एक्शन रोल मिलना मुश्किल है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में। यह एक हार्टलैंड फिल्म है। इस फिल्म में क्रिया करना बहुत अच्छा लगा। मैं अपना बेस्ट देना चाहती थी ताकि मैं कन्विंसिंग लागू और इस मौके का पूरा फायदा उठा सकूं। मैं किसी मुश्किल में फंसी हुई महिला की तरह नहीं लगना चाहती थी। मैं अपना बेस्ट देना चाहती थी। ऑडियंस का वर्डिक्ट और रिव्यूज दोनों मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं क्योंकि मैं हर तरह के रोल करना चाहती हूं। ये फिल्म थोड़ी हटके है। आइडियल सिचुएशन तब होती है, जब फिल्म को क्रिटिक्स भी पसंद करें और पब्लिक भी।

# अभिनेत्रियों का हाई हील्स के लिये प्यार!

हाई हील्स पहनना सिर्फ चलने का तरीका नहीं, बल्कि एक अंदाज़ है। हर कदम पर क्लिक-क्लैक की आवाज के साथ ये हाई-हील्स न सिर्फ आपके कद को बढ़ाते हैं, बल्कि पोश्चर और आत्मसंयम को भी बेहतर बनाते हैं और आपके भीतर एम्पॉवरमेंट का अहसास जगाते हैं, जहां आपको पता होता है कि आप शाब्दिक और वास्तविक दोनों रूप से सबसे ऊंची हैं। एण्डटीवी की प्रमुख अभिनेत्रियां भी इस भावना से गहराई से जुड़ी हुई हैं, जिन्हें हील्स आकर्षित करते हैं। उदाहरण के लिये शुभांगी अत्रे को ही ले लीजिये, जो भाबीजी घर पर हैं में अंगूरी भाबी के अपने किरदार के लिये मशहूर हैं। शुभांगी ने कहा, '' मुझे हमेशा से हाई हील्स की उस शालीनता और सौन्दर्य से प्यार रहा है, जो वो बिखेरती हैं। यह सिर्फ चलने का तरीका नहीं, बल्कि एक अंदाज़ है। वे किसी भी आउटफिट की शोभा को बढ़ाती हैं और आपके हर कदम को मनमोहक बनाती हैं। लेकिन, इस आकर्षण के बावजूद, ऊँची एड़ी पहनने का एक अनुचित डर मुझे रोक कर रखता था। संतुलन बनाए रखने, गिरने से बचने और असहजता सहने की मेरी फिक्र, वाकई में एक बड़ी चिंता का विषय थी। इस डर की वजह से ही अपने कई दोस्तों की तरह ही हील्स पसंद होने के बावजूद मैं फ्लैट्स और स्नीकर्स तक ही सीमित रही। मुझे याद है कि एक समय मुझे स्टेज पर अपने एक किरदार के लिये हील्स पहनने थे। शुरूआत में अनुभव की कमी के कारण मैं झिझक रही थी और बहुत डरी हुई थी, लेकिन मैंने हील्स पहनकर चलने की प्रैक्टिस करने का फैसला किया। इस सेशन में मुझे कई बार अजीबो-गरीब स्थिति का सामना करना पड़ा, पर मैंने हौसला नहीं छोड़ा और प्रैक्टिस करती रही। कई प्रयासों के बाद मैं हील्स पहनकर अच्छी तरह से चलने में माहिर हो गई, जिससे मुझे अपने भीतर बहुत ज्यादा आत्मविश्वास महसूस हुआ।



# नीट-2024 में छू लो आसमान संस्था के 42 विद्यार्थियों को मिली सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 9 जून।** छू लो आसमान संस्था ने इस वर्ष परीक्षा ''नीट'' 2024 में एक शानदार उपलब्धि हांसिल किया है। इस परीक्षा में संस्था के 42 छात्रों ने उत्साह जनक प्रदर्शन किया है, जिसमें से 8 छात्रों को सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस और 9 छात्रों को ''बीएएमएस'', ''बीडीएस'' और वेटरनरी कोर्स में प्रवेश मिलने की संभावना है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के मद्देनजन जिला प्रशासन द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह कार्यक्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सभी सफल छात्रों और उनके पालकों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने अपने संबोधन में छात्रों की मेहनत और संस्थान की उत्कृष्टता की सराहना करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छू लो आसमान संस्था की इस शानदार सफलता के लिए सभी छात्र, उनके पालक और संस्था के शिक्षक बधाई के पात्र है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलताएँ प्राप्त करते रहेंगे। समारोह के बाद सभी अतिथियों के लिए एक विशेष भोज का भी आयोजन किया गया, जहाँ छात्रों, उनके पालकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव राय, एसडीम जयंत नाहटा, डीईओ एस के अम्बस्ट सहित छु लो आसमान संस्था से प्रभारी अधिकारी वीएस ताटी, अधीक्षिका शैनी रविन्द्र, अधीक्षक राजा पाल, मधुसूदन राव उपस्थित थे।



## एक नजर

### क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए 20 तक आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित बालक क्रीडा परिसर धरमपुरा में 38, कन्या क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में 40 तथा कन्या क्रीड़ा परिसर भानपुरी में 24 रिक्त सीटों पर नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 6 वीं से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 11 वर्ष से 18 वर्ष के मध्य हो से 20 जून 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्कूटनी पश्चात प्रवेश हेतु टेस्ट देना अनिवार्य है। जिसका प्रत्येक टेस्ट 10 अंक का होगा। कुल 100 अंकों के टेस्ट में प्रत्येक छात्र-छात्राओं को प्रत्येक टेस्ट में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। छात्र-छात्राओं की चयन सूची मेरिट के आधार पर जारी होगा। राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जावेगा। 21 से 27 जून तक प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक टेस्ट बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में आयोजित किया जावेगा। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची 30 जून तक बालक क्रीड़ा परिसर धरमपुरा में चस्पा होगा। चयनित छात्र-छात्राओं को उपरोक्तानुसार छात्रावास में हॉस्टल मासिक शिष्यवृत्ति एवं पोषण आहार, स्पोटर्स किट्स, विशेष कोचिंग एवं अन्य सुविधाएं आदि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### लाईवलीहुड कॉलेज में 10 जून को रोजगार मेला का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज दंतेवाड़ा में 10 जून 2024 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में एसके सेफ्टी विंग्स प्राइवेट लिमिटेड सिकंदराबाद तेलंगाना में वेयर हाउस, सिक्योरिटी गार्ड, इंडस्ट्रियल लेबर, एसके सेफ्टी विंग्स प्राइवेट लिमिटेड तमिलनाडु में वेयर हाउस ऐसोसियेट, बाम्बे मैनेजमेंट सिक्योरिटी सर्विस हैदराबाद में सिक्योरिटी गार्ड, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र जशपुर में सुरक्षा जवान, सुपरवाइजर, जीटीओ, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस दन्तेवाड़ा में लाइफमित्रा, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एलआईसी ऑफइंडिया बचेली में एलआईसी एजेंट, फील्ड वर्क असिस्टेंट, शिवचरण सिन्हा ग्राम बिलोरी पो. कुरूदी में सिक्योरिटी गार्ड, अग्रवाल प्रोविजन में ऑपरेटर, सेल्स, मैनेजर की रिक्तियां प्राप्त हुई है।

### 14 से 16 जून तक इंडोर स्टेडियम में जयपुर पैर कैंप का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कार्यालय उप संचालक सामाज कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में दिनांक 14 जून 2024 से 16 जून 2024 तक दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए जयपुर फूट कॅम्प का आयोजन इंडोर स्टेडियम दन्तेवाडा (हाई स्कूल ग्राउंड के पास) में किया जा रहा है। जिसमें लगभग 890 हितग्राहियों का मापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण जयपुर टीम तथा चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किया जाकर कृत्रिम हाथ पैर कैलिपर्स निर्माण, व्हीलचेयर, सामान्य ट्रायसायकल, वैशाखी, श्रवण यंत्र वितरण किया जावेगा। शिविर के प्रथम दिवस 14 जून को जनपद गीदम, कटेकल्याण, नगर पंचायत गीदम एवं बारसूर के 408 हितग्राही, द्वितीय दिवस 15 जून को जनपद दन्तेवाड़ा एवं नगर पालिका दंतेवाड़ा के 204 हितग्राही तथा अंतिम दिवस 16 जून को जनपद कुआंकोण्डा, नगर पालिका किरंदुल, बचेली, जिला बीजापुर, सुकमा के कुल 272 हितग्राहियों को लाभान्वित किये जायेंगे।

# पर्यावरण दिवस पर वरिष्ठ अधिकारियों ने अमृत सरोवर के मेड़ों पर भी लगाए पौधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**जगदलपुर, 9 जून।** बस्तर वन मंडल के द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार परिसर में पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में सीसीएफआरसी दुग्गा ने बादाम के पौधे, कलेक्टर विजय दयाराम के ने आम के पौधे, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने जामुन के पौधे, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने नीम के पौधे, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता ने आम के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीसीएफआरसी दुग्गा ने कहा कि वन है तो जल है, जल है तो कल है, इसके लिए हमे अधिक-अधिक पेड़ लगाने है, पौधों-पेड़ों का संरक्षण करना है ताकि पर्यावरण को हराभरा बनाए रखे। उन्होंने पेड़ों के महत्व को बताया कि पेड़ के आसपास अन्य जगह से चार डिग्री तापमान की कमी रहती है, इसके अलावा वायु, ध्वनि प्रदूषण को रोकने में अहम भूमिका निभाती है।

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि हम ईको फ्रेंडली के रूप में पैदा हुए और जीवन को बेहतर करने के लिए पर्यावरण का अपने हिसाब से उपयोग किए। पर्यावरण को नुकसान भी हुआ, इस नुकसान की भरपाई के लिए सभी अपने स्तर पर प्रयास करते है। ईको फ्रेंडली को बढ़ावा दे कर आने वाले भावि पीढ़ी हेतु पर्यावरण को बचाने के लिये हमे पेड़ों के महत्व को समझना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाने होगें।

विश्व पर्यावरण दिवस पर शासन के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में चिन्हांकित अमृत सरोवर के मेड़ों में जनपद पंचायतों के द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सर्वे ने जनपद जगदलपुर के ग्राम बिलौरी के सरोवर में पौधरोपण किया। पौधरोपण का कार्यक्रम के तहत सभी अमृत सरोवरों में पौधे लगाने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी ने पर्यावरण को बचाने की शपथ भी ली।

टाउन हाल के कार्यक्रम में बच्चों ने फैंसी ड्रेस में पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए निबंध, चित्रकला, फैंसी ड्रेस, रंगोली की आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

ज्ञात हो कि विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का फैसला वर्ष 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टॉकहोम सम्मेलन में किया गया था। पर्यावरण संरक्षण के लिए पहली बार वर्ष 1974 में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था, पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'एक पृथ्वी' थी। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना था, पर्यावरण में दिन-प्रतिदिन जो क्षति हो रही है, उसे रोकने के लिए जागरूक करना और पर्यावरण में वनों की कटाई को रोकने, समुद्री प्रदूषण, जनसंख्या नियंत्रण, ग्लोबल वार्मिंग जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक करना है।

# माओवादी मुठभेड़ की घटना के संबंध में 18 जून तक दिया जा सकता है साक्ष्य

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 9 जून।** न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा अंतर्गत थाना बारसूर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 24 अप्रैल 2024 को ग्राम हांदावाड़ा व मोडोनार के मध्य जंगल में पुलिस पार्टी व सशस्त्र वर्दीधारी माओवादियों के मध्य मुठभेड़ हुई थी। मुठभेड़ के दौरान डीआरजी के आरक्षक 1009 जोगराज कर्मा एवं आरक्षक 132 फरसू राम अलामी को गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जबकि गश्त सर्चिंग से वापसी दौरान घायल जवान आरक्षक 1009 जोगराज कर्मा शहीद हो गए, एवं घायल जवान आरक्षक 132 फरसू अलामी को इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया था। जिसे अपराध धारा 147, 148, 149, 302, 120 (बी) भा.द.वि. 25, 27 आर्म्स एक्ट, 13(1). 38(2), 39(2) विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 का होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसके संबंध में आवेदक प्रधान आरक्षक नंदू हेमला (डीआरजी-06 सेक्शन कमांडर) द्वारा अपने आवेदन में बताया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के कांकेर व नारायणपुर क्षेत्रांर्गत् होने वाले द्वितीय के मतदान कार्य को बाधित व हिंसात्मक घटना कारित करने के उद्देश्य से एकत्रित माओवादी संगठन माढ़ डिवीजन सीसीएम मुरली, एसजेडसी रामघर, एवं इन्द्रावती एरिया कमेटी डीव्हीसी सुजाता की उपस्थिति की सूचना मिलने पर बस्तर फाइटर के संयुक्त बल 347 का बल को गश्त सर्चिंग पर दिनांक 23 अप्रैल 2024 के रात्रि में रवाना किया गया था और संयुक्त बल दिनांक 24 अप्रैल 2024 के रात्रि करीब 11 बजे हांदावाड़ा व मोडोनार के बीच जंगल में पहुंचा था तभी घात लगाये सशस्त्र माओवादी सदस्यों द्वारा प्राणघातक फायरिंग किया गया। फायरिंग होने पर पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही कर फायरिंग किया गया और घेराबंदी किये जाने पर माओवादी जंगल पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये। फायरिंग करीब 10 मिनट तक चली। जिसमें आरक्षक फरसू अलामी और आरक्षक 1009 जोगराज कर्मा भी घायल हालात में मिले। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल पर एकत्रित होकर घायल जवानों का मौके पर ही उपलब्ध मेडिकल संसाधनों से प्राथमिक उपचार कर वापसी के दौरान घायल जवान आरक्षक 1009 जोगराज कर्मा शहीद हो गया। इस मुठभेड़ के दौरान माओवादियों द्वारा विभिन्न अवैध स्वचालित हथियारों से करीबन 40-45 राउण्ड व पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ में एके 47 से 43, इंसास से 05 राउंड फायर किया गया व मुठभेड़ दौरान शहीद आरक्षक 1009 जोगराज कर्मा को ईश्युशुदा 01 नग यूबीजीएल सेल क्षतिग्रस्त, 01 नग इंसास मैगजीन क्षतिग्रस्त 01 नग यूबीजीएल सेल क्षतिग्रस्त, 06 नग एके 47 का राउंड क्षतिग्रस्त हुआ। इस संबंध में सर्व संबंधितों को सूचित किया गया है कि दिनांक 18 जून 2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, गोपनीय, लिखित रूप से साक्ष्य दिया जा सकता है। इस तिथि के बाद प्रस्तुत दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

# भूपेश बघेल का बयान शर्मनाक : रामू नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 9 जून।** जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी मंडल महामंत्री रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं पर जमकर हमला बोला है। जारी विज्ञप्ति में रामू नेताम ने कहा कि पूरे देश ने कांग्रेस को खारिज कर दिया है। 10 से ज्यादा राज्यों में कांग्रेस का नामोनिशान नहीं है। उसके बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वयं को गांधी परिवार का सबसे बड़ा चाटुकार सिद्ध करने के लिए निचले स्तर पर जाकर बयानबाजी कर रहे हैं। रामू नेताम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि भूपेश बघेल पहले बताएं कि प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में उनका नाडा काट दिया था तो वह राजनादगांव में भूपेश क्या पहनकर चुनाव लड रहे थे ? और राजनादगांव के परिणाम के बाद वह किसके नाडे से अपना पजामा बांध रहे हैं ? रामू नेताम ने कहा कि कांग्रेस के नेता अहंकार से भरे हुए हैं, देश की जनता ने इनकी रस्सी जला दी है, फिर भी इनकी ऐंठन कम नहीं हुई है। रामू नेताम ने विज्ञप्ति में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर भी जमकर बरसे, उन्होंने कहा कि दीपक बैज बड़बोले हैं चुनाव से पहले तरह तरह के दावे कर रहे थे जबकि बीजेपी ने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनाव में उनके गृहग्राम से बड़ी बढ़त हासिल की है। दीपक बैज में अब बस्तर की जनता का सामना करने की हिम्मत नहीं है इसलिए वह न तो चुनाव के दौरान बस्तर में रहे न ही किसी अन्य कार्य में। रामू नेताम ने कहा कि दीपक बैज, राहुल गांधी की तरह एक विफल नेता हैं। जैसे राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पारी विगत 15 सालों में दहाई का आंकड़ा नहीं पार कर पाई हैं और उसके बाद 20 -30 बढ़ने पर कांग्रेसी ऐसे खुश हैं मानो राहुल गांधी ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया हो।

## मां दंतेश्वरी सरोवर में नागरिकों को अब वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध

# कयाकिंग, वॉटर रोलर व बंजी ट्रेम्पोलिन का उठा सकते हैं आनंद









■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 9 जून।** मुख्यालय दंतेवाड़ा के मध्य स्थित मां दंतेश्वरी सरोवर का स्वरूप अब तक महज एक सामान्य तालाब ही था। जहां इर्द-गिर्द के वाटिका में अकसर लोग प्रातः एवं सांध्य भ्रमण करने के साथ साथ बच्चे भी इसी वाटिका में खेल कुद करके अपना समय व्यतीत किया करते है। परन्तु प्रशासन द्वारा इस सरोवर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। इसके लिए इस सरोवर में वाटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है और इसके अंतर्गत रोमांचक कयाकिंग, वॉटर रोलर एवं बंजी ट्रैम्पोलिन की सुविधाएं शामिल है। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया ने बताया कि विगत दिनों कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी अपने नियमित निरीक्षण भ्रमण में तालाब प्रांगण आये हुए थे इसी भ्रमण के दौरान उन्होने पाया कि नगरवासी गार्डन तो आ रहे हैं, परन्तु संभावना होते हुए भी यहां बच्चों एवं युवाओं के लिए मनोरंजन के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं है, इस पर उन्होंने तत्काल ही उन्हें बुलाकर विभिन्न मनोरंजन के प्राक्कलन प्रस्ताव तैयार करने को कहा। तत्पश्चात् वाटर स्पोर्ट्स संबंधित प्लान तैयार कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया और 15 दिवस के भीतर मनोरंजन के विभिन्न साधन उपलब्ध कराये गये। इस प्रकार यहां अब मां दंतेश्वरी एडवेंचर पार्क में बच्चों, बड़ों एवं किशोरों के लिए कयाकिंग, वॉटर रोलर एवं बंजी ट्रैम्पोलिन की सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है और यह बेहद ही कम दर पर हैं और अब यहां के लोगों को इन सुविधाओं का आनंद लेने के लिए बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है।

वाटर स्पोर्ट्स की सुविधा होने पर विशेष तौर पर स्कूली बच्चे बेहद रोमांचित एवं प्रसन्न है। चूंकि अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश चल रहा है तो मां दंतेश्वरी सरोवर में यह सब सुविधाएं होने से बच्चों की खुशियां दुगुनी हो गई है। और वे शाम होते ही अपने पालकों के साथ एडवेंचर पार्क में आ जाते है, और गर्मी की छुट्टियों का पूरा लुत्फ उठा रहे है। नगर पालिका अधिकारी ने आगे बताया कि इस वाटर स्पोर्ट्स पार्क में रोमांच के साथ-साथ सुरक्षा के पूरे इंतजाम भी किये गये है, लगभग 10 वॉलेंटियर्स का ग्रुप नगर पालिका की निगरानी में पूरे प्रबंधन को संभालते है। इससे तैराकी में निपुण मुख्यालय के युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए है। जिन्हें लगभग प्रतिदिन 2 से 3 हजार रूपये की आमदनी हो रही है। इसी वालंटियर ग्रुप के एक साथी प्रदीप ने इस संबंध में बताया की वे बचपन में मछली पकड़ने के लिए इसी तालाब में गोते लगाते थे, और उन्हें पता ही नहीं था कि इसी तैराकी के हुनर से उन्हें रोजगार भी मिल सकता है। कुल मिलाकर ऐसा काम मिलने से प्रदीप और उनके साथी बेहद खुश है, कि उन्होने अपने हुनर के दम पे जीविकोपार्जन के लिए रोजगार हासिल किया है।

## समाचार संक्षेप

### भारतीय किसान संघ की बैठक में संगठन विस्तार सहित अनेक मुद्दों पर की गई चर्चा



**दंतेवाड़ा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय किसान संघ दंतेवाड़ा का बैठक कटेकल्याण में आहूत किया गया जिसमें ब्लॉक ईकाई गठन एवम सदस्यता संबंधी तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी (एफ पीओ) के कर्मचारियों के साथ कार्य विस्तार हेतु चर्चा किया जिसमे जिले के सभी गांवों के किसानों को संगठन विस्तार तथा सभी किसानों तक योजनाओं को प्रत्येक गांव तक कैसे पहुंचे इस पर विस्तृत चर्चा किया गया बैठक में जिलाध्यक्ष मधुसूदन ठाकुर, शैलेश अटामी, रमेश यादव, राजेश नाग, ध्रुवा पोड़ीयाम, नंदकिशोर भगत, सुशांत शोरी, राम ठाकुर, सागर मरकाम राजमन ठाकुर, मासा पोड़ीयाम, छनु ताती, सागर मरकाम अनिल नाग, महेश कोवासी सहित अन्य गांव से आए कृषक उपस्थित रहे

### प्रधानमंत्री आवास योजना व 'नियद नेल्लानार' योजना के संबंध में कलेक्टर ने दिये निर्देश



**दंतेवाड़ा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टोरेट कार्यालय के तृतीय तल सभा कक्ष में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की बैठक संम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण प्रगति एवं पूर्णता की गहन समीक्षा करते हुए तय लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के संबंध में जितने भी प्राथमिक निर्माण गतिविधियां है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यथा शीघ्र पूरा करें जिससे कि आवास हेतु निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सकें। इसके लिए निरंतर निगरानी एवं मैदानी कर्मचारियों के मध्य समन्वय बनाने की जरूरत है। मानसून सीजन में वृहद वृक्षारोपण के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए पूर्व से ही तैयारियां आवश्यक है। इसके तहत रोपण हेतु स्थानों का चयन, गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता इत्यादि तथ्यों को प्रमुखता देवें जिसे कि समय पर सफल वृक्षारोपण हो सकें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मानसून अवधि में कार्य योजनाओं एवं प्रस्तावों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें ताकि आगे के कार्यशील महीनों में बिना विलम्ब के इसका तीव्र गति से क्रियान्वयन हो सकें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना''नियद नेल्लानार'' योजना के तहत चयनित ग्रामों में समस्त योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अभी से रणनीति तैयार करें। इसी आधार पर इन ग्रामों में शत-प्रतिशत आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं केवाईसी प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करें। इसी प्रकार की रणनीति मानसून अवधि में एफआरए क्लस्टर ग्रामों के लिए भी बनाए जाएं। इसके तहत संबंधित विभाग आपसी समन्वय और सम्पर्क से क्रियान्वयन को गति देवें।

### पार्षद, वार्डवासियों ने किया तालाब गहरीकरण का निरीक्षण



**चारामा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत चारामा के वार्ड क्रमांक 15 भाठापारा स्थित तालाब में इन दिनो गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है जिसमें कार्य की गुणवत्ता को देखने के लिए वार्ड के पार्षद ने वार्डवासियों के साथ गहरीकरण कार्य का जायजा लिया एवं साथ ही ठेकेदार को आवश्यक सुझाव भी दिये जिससे तालाब गहरीकरण का कार्य सार्थक हो तथा आम जन को उसका अधिकतम लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रवर्तित योजना के तहत नगर पंचातय चारामा के भाठापारा तालाब के गहरीकरण कार्य हेतु 7 लाख 11 हजार रूपयें की राशि सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है जिसके संबंध में तरूण छत्तीसगढ़ के 7 जून के अंक में समाचार प्रकाशित किया गया था जिससे प्रेरित होकर वार्डवासी तालाब गहरीकरण का कार्य देखने पहुंचे। तालाब गहरीकरण कार्य का जायजा लेने पहुंचे वार्ड की महिलाओं ने बताया कि इस तालाब में बडी संख्या में लोग निस्तारी के लिए आते है वहीं किसी की मृत्यु हो जाने पर मृतक का नहावन कार्यक्रम भी इसी तालाब में किया जाता है। गर्मी के दिनों में यह तालाब सुख जाता है जिसके कारण नगरवासियों को निस्तारी एवं नहावन कार्यक्रम के लिए इधर-उधर भटकना पडता है। गहरीकरण का कार्य कर रहे ठेकेदार ने बताया कि गहरीकरण का कार्य चल रहा है जिसके लिए जेसीबी मशीन एवं ट्रेक्टरो से मिट्टी बाहर निकाली जा रही है अब तक लगभग 1 हजार ट्रेक्टर ट्राली से अधिक मिट्टी निकाली जा चुकी है और आगे भी कार्य जारी रहेगा। अब चूंकि तालाब का गहरीकरण किया जा रहा है जिससे अधिक जलभराव होने से लोगो को उसका लाभ अवश्य मिलेगा। साथ ही वार्डवासियों ने तालाब में जलभराव के लिए बोर खनन किये जाने की मांग भी किया जिससे तालाब में पर्याप्त पानी भरा जा सके। इस अवसर पर नगर पंचायत के उप अभियंता श्रीमती पूर्जा सार्वा एवं ठेकेदार तथा बडी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# डांस टीचर आत्महत्या मामले का फरारआरोपी गिरफ्तार

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के अपराध में पुलिस ने किया जेल दाखिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़ 9 जून।** जिले में पिछले माह डांस टीचर के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरित करने वाले फरार आरोपी को ओडिसा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व 05 मई को चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंगलापारा मोहल्ले में किराये के मकान में रहने वाली युवती अनिमा साहू मूल निवास ग्राम सुरसी थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना सामने आई थी। इस घटना को लेकर मृतिका के पिता ने बताया था कि उसकी लडक़ी एक साल से डांस एकेडमी बंगलापारा रायगढ़ में कथक डांस टीचर का काम कर रही थी। 04 मई की रात अनिमा घर वालों से सामान्य बातचीत की थी दूसरे दिन उन्हें अनिमा के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना मिली।

### एकतरफा प्रेम करता था शेष कुमार

मृतका के फांसी लगाकर आत्महत्या करने के बाद चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मृतका के परिजनों एवं सहेलियों से पूछताछ की गई। इस दौरान पता चला कि मृतका अनिमा साहू को सरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सूरजगढ़ निवासी शेष कुमार प्रधान 24 साल पसंद करता था और शादी करना चाहता था लेकिन अनिमा उसे पसंद नही करती थी।

### मृतका ने परिजनों को बताई थी बात

शेष कुमार प्रधान अनिमा को शादी के लिए लगातार परेशान कर प्रताड़ित करता था। इस बात की जानकारी अनिमा ने कई बार अपने माता-पिता बहनों को यह बात बताई थी। 4 मई को भी शेष कुमार और अनिमा के बीच काफी बातचीत हुई जिससे परेशान होकर अनिमा आत्महत्या का कदम उठाई।

### 13 मई को दर्ज हुई थी एफआईआर

इस घटना के बाद चक्रधरनगर पुलिस ने 13 मई को आरोपी शेष प्रधान पर धारा 306 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी की गई, इसकी भनक लगते ही आरोपी शेष कुमार अपने निवास सूरजगढ़ से फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लगातार अपना रहने का ठिकाना बदल रहा था। पुलिस उसके रिस्तेदार और मुखबीरों से लगातार जानकारी लेकर गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया जा रहा था।

## सट्टा-पट्टी लिखने वाले दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**रायगढ़ 9 जून।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में समाजिक अपराधों पर अंकुश लगाने अवैध शराब, जुआ-सट्टा की सूचनाओं पर पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में कल रात्रि नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में थाना कोतवाली और साइबर सेल की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर रेलवे स्टेशन एवं ढिमरापुर रोड पर सट्टा पट्टी लिख रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने रात्रि करीब 10ः30 बजे ढिमरापुर जिंदल रोड पर आरोपी अजहर मोहम्मद पिता हुसैन मोहम्मद उमर 26 साल निवासी इंदिरा नगर गंगा तालाब के पास रायगढ़ थाना कोतवाली को पकड़ा गया, जिसके पास से नगदी रकम 45,600 तथा एक डॉट पेन और सट्टा पट्टी जप्त किया गया है। सट्टा पट्टी में करीब 52,550 रूपए का उल्लेख है।

## एक नजर

### विवाह का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला युवक गिरफ्तार

**जगदलपुर 9 जून।** टिकरालोहंगा खासपारा निवासी विवाहित युवक हेमनाथ गौतम उम्र 27 वर्ष ने एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाकर मैं तुझसे बेइंतिहा मोहब्बत करता हूं बोलकर शादी का वादा किया, फिर दुष्कर्म किया। जब युवती गर्भवती हुई तो वादे से मुकर गया और उसे छोड़ दिया। युवती के साथ दुष्कर्म के आरोप में आरोपी हेमनाथ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टिकरालोहंगा खासपारा निवासी युवक हेमनाथ गौतम की पहचान इसी जिले की रहने वाली एक युवती से हुई, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई। दोस्ती प्यार में बदली। युवक ने कहा कि मैं तुझसे बेइंतिहा मोहब्बत करता हूं। शादी का भी वादा कर युवती से दुष्कर्म किया। युवती 4 महीने की गर्भवती है। युवती के गर्भवती होने का पता जब युवक को चला तो उससे बातचीत करना बंद कर दिया था, युवती ने जब गर्भवती होने का हवाला देते हुए शादी करने को कहा तो वह शादी के वादे से भी मुकर गया। इसके बाद युवती ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे पता चला कि युवक पहले से ही शादीशुदा है। थाना कोतवाली में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने अब आरोपी युवक हेमनाथ गौतम को गिरफ्तार कर कर्यवाही उपरांत आज शनिवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड में जेल दाखिल कर दिया है।

### युवक की गोली मारकर हत्या कर दी

**कोंड़ागांव 9 जून।** केशकाल अनुविभाग अंतर्गत धनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम तिमड़ी में शुक्रवार रात लगभग 11 बजे शादी समारोह से लौट रहे एक युवक दिनेश मण्डावी उम्र 35 वर्ष को अज्ञात हत्यारों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक को जान से मारने के लिए उसके घर के सामने कुछ अज्ञात हत्यारे घात लगा कर बैठे थे। जैसे ही युवक दिनेश मण्डावी अपने घर के सामने पहुंचा उसे अज्ञात हत्यारों ने पीठ पर गोली मार दी और फरार हो गए। इसकी जानकारी परिजनों ने पुलिस को दी। घायल दिनेश मण्डावी को पहले धनोरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद 108 क मदद से उपचार के लिए केशकाल के अस्पताल लाया गया। जहां उपचार से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। इस वारदात के बाद कोई भी पर्चा नही फेंका गया है, जिससे इसे नक्सली वारदात कहा जावे,फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। विदित हो कि केशकाल अनुविभाग में लंबे समय से नक्सल गतिविधि नही हुई है। धनोरा थाना प्रभारी यशवंत श्याम ने हत्या की पुष्टि करते हुए बताय कि तिमड़ी स्कूल पारा में रहने वाला दिनेश मण्डावी 35 वर्ष जो कि खेती किसानी का काम करता था।

# घर वापस जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

■ अवैध रेत से लदी ट्रैक्टर ने लिया चपेट में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव 9 जून।** एक माह के भितर अवैध रेत का परिवहन करने वाली टैऊक्टर से दो मवेशियों के अलावा दो लोग मौत के मुंह मे समा चुके है। वही टैऊक्टर की रफ्तार ने अन्य लोगो को भी घायल कर दिया है। क्षेत्र मे इन दिनो एक के बाद एक सडक हादसे होकर बेगुनाह मौत के मुंह मे समा रहे है,परंतु उसके बाद भी नौसिखिये चालक व अनियंत्रित वेग से चलने वाली वाहनो पर कोई कार्यवाही नही हो पा रही। दिन शुक्रवार की देर शाम भी एक युवक की ट्रैक्टर के चपेट मे आकर मौत हो गयी। वही उसके साथ बैठी युवती बुरी तरह घायल हो गयी,घटना को अंजाम देने के बाद टैऊक्टर चालक वाहन छोडकर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी,जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर वाहन की जप्ती बनायी और फरार चालक की तलाश मे जुटी हुयी है। घटना शुक्रवार की देर शाम ग्राम ईला के समीप घटित हुयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने किलकिला मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, सड़क जाम होने के पश्चात घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं स्थानिक प्रशासन मौके पहुंच लोगों को समझाइए दी एवं मौके पर सहायता राशि प्रदान कर जाम को खुलवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार साहिल बेक पिता कमिल बेक उम्र 19 वर्ष निवासी बटुराकछार जो मोटरसाइकिल में अपने महिला साथी के साथ पत्थलगांव अपने परिजन के घर आया हुआ था,करीबन शाम 7.30 बजे घर वापसी के दौरान इला गेट पर पहुंचे और समान लेकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे तभी किलकिला की ओर से आ रही रेत से लदी ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क किनारे खड़े उन दोनों को ठोकर मार दी,जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं साथी महिला घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल लाया जहां घायल युवती का इलाज जारी है।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ निवास का लिया जायजा



**रायपुर 9 जून।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में बने छत्तीसगढ़ के नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम एवं लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज भी साथ रहे। देश की राजधानी दिल्ली के द्वारका में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के ठहरने के लिए 60 करोड़ 42 लाख की लागत से छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री आज अतिथि गृह पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुविधाओं का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों से जानकारी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छत्तीसगढ़ निवास में ठहरने वाले अतिथियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी जरूरतों का ध्यान रखा जाए। बता दें द्वारका के सेक्टर 13 में छत्तीसगढ़ के अतिथियों के लिए नए अतिथि गृह छत्तीसगढ़ निवास का निर्माण किया गया है। छत्तीसगढ़ निवास में 10 स्यूट रूम, 67 कमरे, डाइनिंग हॉल एंड वेटिंग सहित मीटिंग हॉल और कर्मचारियों के लिए टावर का निर्माण किया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, प्रेस अधिकारी श्री आलोक सिंह, जनसंपर्क आयुक्त श्री मयंक श्रीवास्तव, आवासीय आयुक्त श्रुति सिंह आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

### आदिवासियो पर पुलिस प्रताडना बर्दाशत नहीं, जेल भरो आन्दोलन का आव्हान



**मोहला 9 जून।** विगत दिनो दिनांक 06.06.2024 को सर्व आदिवासियो के प्रान्तीय कार्यकारणी की उपस्थिति व चौकी मोहला मानपुर छुरिया डोगरगढ राजनांदगांव छुईखदान डौण्डी दुर्ग कोंदल भानुप्रतापपुर बालोद लोहारा खुज्जी डोगरगांव के सभी सर्व आदिवासी समाज की बैठक मे मानपुर औधी क्षेत्र के पीडित महिला एवं पुरुष सब ने अपने उपर पुलिस प्रताडना का आरोप लगाया थाना प्रभारीयो द्वारा गांवो मे जाकर बिना किसी सबूत तथ्य के नक्शली होने की धमकी जेल में डाल देंगे आप लोग नक्सलियो को सहयोग करते हो तुमको उठा लेंगें जेल भेज देंगे इस तरह के पीडित आदिवासियों ने डरे सहमे जवाब दिया गया इसी तरह गोंड समाज व सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष गोविन्द बालको चुनाव के पहले अनावश्यक बिना कोई कारण एवं सबूत के उठाकर ले जाया गया तथा गोंड समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश उसेन्डी को थाना बुलाकर गाली गलौज किया गया। पुलिस के इस तरह के व्यवहार से पीडित आज तक सदमे में है सभी दूरस्थ जंगल के अंदर निवास रत मूल आदिवासियो को धमकाया जा रहा है। इन्हे स्वतंत्र रूप से जीना मुश्किल हो गया है। पुलिस प्रशासन आदिवासियो की आवाज व अधिकार को कुचलना चाहती है यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची के अतंर्गत आती है जो रूडी गत परंपरा अनुसार संचालित होती है अपने संवैधानिक अधिकार को बताने व बचाने के लिए दिनांक 14.06.2024 दिन शुक्रवार को महारैली के साथ वृहद् जेल भरो अंदोलन का आहवान किया गया है। यह सभा मानपुर बाजार चौक से शुरू होगी जो अनुविभागिय दण्डाधिकारी राजस्व मानपुर तक ज्ञापन सौपने रैली निकाली जाएगी। इस महारैली मे प्रदेश भर के सभी प्रमुख संगठन सम्मिलित होंगे प्रमुख रूप से छुरिया डोंगरगढ एवं चौकी मोहला के युवा संगठन महिला वर्ग वरिष्ठ सियान बुद्धिजीव पटेल,बैगा,गायता,कोतवाल सभी वर्ग के लोग जो यहां निवास रत है उनसे सम्मिलित होने का अश्वासन मिला है और यह विशाल व भव्य सभा होगी। जिसमे लगभग 50,000 पचास हजार लोगो के आने का अनुमान है और यह रैली शांत मय तरीके से सम्पन्न होगी यह जानकारी नरेन्द्र नेताम सर्व आदिवासी समाज ब्लाक अं. चौकी तथा जगत सलामे शहर अध्यक्ष गोंड समाज राजनांदगांव श्रीमति खोमेन्द्री चमन पिता मधुसुधन गावरे नवनिर्वाचित महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मोहला मानपुर अं. चौकी के द्वारा प्राप्त हुई है।

### नगर पंचायत बस्तर का सम्पूर्ण क्षेत्र नजूल घोषित

**जगदलपुर 9 जून।** राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के तहत कलेक्टर विजय दयाराम के द्वारा बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत बस्तर के सीमाओं के सम्पूर्ण क्षेत्र को नजूल घोषित किया गया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1968 की धारा 2 में दी गई नगरीय क्षेत्र की परिभाषा के अनुसार किसी ग्राम को स्थानीय निकाय घोषित करने अथवा उसकी सीमाओं में सम्मिलित करने से ग्राम की आबादी तथा अन्य महत्वपूर्ण खुली भूमि नजूल हो जाती है।

# माड नदी बांध किनारे छापा मार कर पुलिस ने13 जुआरी पकड़े

■ जुआ फड से 47, 550 रूपये जप्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़ 9 जून।** नदी किनारे जुआ खेल रहे एक दर्जन से अधिक जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी रकम के अलावा ताशपत्ती बरामद किया है।जानकारी के अनुसार खरसिया एसडीओपी प्रभात पटेल के नेतृत्व में खरसिया और जोबी चौकी की संयुक्त पुलिस टीम ने आडपथरा माड नदी किनारे जुआ खेल रहे 13 जुआरियों को घेराबंदी करते हुए पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के फड और पास से कुल 47,550 रूपये, पत्ती तास की गड्डी, प्लास्टिक का बोरी जप्त किया गया है। आरोपियों के कृत्य पर चौकी खरसिया (थाना खरसिया) में क्रमशः 367, 368, 2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है।पकड़े गए जुआरियों में मोह. अनशार 52 वर्ष साकिन तुरकापारा थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़, बृजलाल वर्मा 57 वर्ष साकिन कंकुबाई धरमशाला के पीछे हमालपारा चौकी खरसिया, अमीत कुमार चौहान 42 वर्ष साकिन बसमुडा थाना खरसिया, पप्पु राजपुत 29 वर्ष साकिन अटलआवास खरसिया चौकी खरसिया, ओमकार उर्फ विक्की सिदार 24 वर्ष साकिन अटल आवास खरसिया, मिनकेतन साहु 26 वर्ष साकिन कशीचुँवा थाना भुपदेवपुर जिला रायगढ, केशव जायसवाल 48 वर्ष साकिन खोखरोआमा थाना घरघोडा, छोटे लाल डनसेना 36 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर, गेंदलाल डनसेना 32 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर, भानु डनसेना उम्र 31 वर्ष साकिन जवलपुर थाना भुपदेवपुर, नेतराम राठिया 34 वर्ष साकिन झिंटीपाली थाना भुपदेवपुर जिला रायगढ, रामेश्वर पटेल 33 वर्ष ग्राम नवागव थाना खरसिया के अलावा देवनाथ उर्फ मंगलु डनसेना 45 वर्ष साकिन बडे डुमरपाली थाना खरसिया का नाम शामिल है।

# टिम्बर व्यवसायी के घर डकैती पुलिस की 6 टीमें जुटी हैं तलाश में

**भिलाई 9 जून।** अंजोरा चौकी क्षेत्र रसमड़ा में टिम्बर व्यवसायी के घर हुई डकैती के आरोपियों की तलाश मध्यप्रदेश के राजस्थान सीमा से जुड़े जिलों में की जा रही है। इसके लिए क्राइम एंड सायबर यूनिट की चार टीमें डकैतों के संभावित निवास क्षेत्र में भेजी गई है। वहीं पुलगांव थाना और अंजोरा चौकी की बनी दो टीमें स्थानीय होटल और लॉज में आरोपियों के छिपे होने की संभावना के तहत लगातार छापामार कार्रवाई कर रहे हैं। इसके अलावा घटना स्थल से होकर जिले से बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाली जा रही है शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात दुर्ग के पुलगांव थाना क्षेत्र स्थित रसमड़ा में टिम्बर व्यवसायी के घर डकैती की वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश में पुलिस की छह टीमें जुटी हुई है। जांच में लगी पुलिस की सभी टीमों को वारदात की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया गया है। जिस तरीके से वारदात को अंजाम दिया गया है उससे इसमें शामिल गिरोह के मध्यप्रदेश के देवास, धार व झाबुआ जिले के होने की संभावना पुलिस के आला अधिकारी जता रहे हैं। इसी संभावना के तहत क्राइम एंड सायबर यूनिट की चार टीमें देवास, धार और झाबुआ जिले में रवाना की गई है मौके से मिले डीएसपी ( क्राईम ) हेमप्रकाश नायक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के अनुसार पांच नकाबपोश बदमाश रसमड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित टिम्बर व्यवसायी के बंगले के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे और व्यवसायी दिलीप मिश्रा के हाथ-पैर को रस्सी से बांध दिया। इसके बाद घर की तलाशी लेकर आलमारी में रखे लगभग 35 तोला सोना और लगभग 25 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पेशेवर गिरोह द्वारा अपराध घटित करने की संभावना से जांच में जुटी टीम को मार्गदर्शन दिया है क्राइम ब्रांच के पुराने लोगों से ली जा रही सलाह जिले में लंबे समय बाद पेशेवर अंदाज में डकैती की वारदात हुई है। कभी यहां डकैती की बड़ी वारदातें सुर्खियों में बनती थी।



### भूपेश बघेल की अमर्यादित भाषा पर खूबचद पारख ने कसा तंज

**राजनांदगांव 9 जून।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मानपुर में दिए बयान पर कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि मोदी का नाडा काटने वाले लोगों की बदनीयत जनता देख चुकी है, उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जैसे कद के नेता, जिसे कांग्रेस ने रायबरेली का प्रभार दिया था, इस तरह की ओछी बयानबाजी कर प्रधानमंत्री पद पर तीसरी बार शपथ लेने वाले नरेंद्र मोदी के लिए हल्के शब्दों का उपयोग जनता देख रही है कि चुनाव संपन्न होने के बाद भी भूपेश बघेल ने अपनी हरकतें बंद नहीं की है, उन्होंने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव के पूर्व सीडी कांड में भी भूपेश बघेल का हल्का पन उजागर हुआ था। भूपेश बघेल यह समझ रहे हैं कि चुनाव संपन्न हो चुका है तो कुछ भी कह देंगे तो चल जाएगा,परंतु यह एक निरंतर प्रक्रिया है आपके हल्के शब्दों को जनता ने गहराई से लिया तो आने वाले चुनाव में कांग्रेस का सफाया हो जाएगा, उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल स्वयं भाजपा के एक जमीनी कार्यकर्ता से सांसद बने संतोष पांडे से चुनाव हार गए अपनी हार की समीक्षा करने की बजाय सभी कांग्रेसी आज खुशियां मना रहे हैं। श्री खूबचंद ने कहा कि वह अपने राजनीतिक जीवन की 49 वर्षों की यात्रा में पहला चुनाव देख रहे हैं, की हार के बाद भी कांग्रेसी जीत से ज्यादा खुशियां मना रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि कांग्रेस को उम्मीद से ज्यादा जनता ने वोट दिया. अब विषय यह है कि जनता ने वोट क्यों दिया ? तो इसके पीछे समीक्षा करें तो जनता को बेवकूफ बनाकर खटाखट खटाखट कहकर एक लाख रुपए का लालच दिया गया।

# शिक्षकों,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया खेल-खेल में पढ़ाने का प्रशिक्षण





■ जिला समग्र शिक्षा रायगढ़ के मार्गदर्शन में किया गया आयोजन।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़ 9 जून।** जिला समग्र शिक्षा रायगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखंड रायगढ़ में 125 बालवाड़ी केंद्र के शिक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक बच्चों को खेल के माध्यम से पठन पाठन व बिना दबाव के शिक्षा देना तथा बालवाड़ी के बच्चों को दो अक्षरों के शब्द बनाना तथा 1 से 9 तक सीधी गिनती व उल्टी गिनती सीखाना है। अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वयं समाधान करने की तथा बच्चों को कैसे स्वस्थ रखा जाए और स्वस्थ मस्तिष्क में कैसे अच्छा विकास होगा इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में बालबाडी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व किस प्रकार से तैयार किया जाए तथा उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शाला प्रारंभ होने के पूर्व दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, विभिन्न केन्द्रों से आए शिक्षक तथा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं । प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को गीत, कहानी, अभिनय तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन सीखने के तरीके बतलाये जा रहे हैं। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनोज अग्रवाल ने विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में जाकर प्रशिक्षण संचालन का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा भविष्य में नई शिक्षा नीति के तहत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। संकुल समन्वयक श्री राजकमल पटेल के द्वारा भी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को संबोधित कर प्रशिक्षण का पूरा लाभ लेने तथा केंद्र में जाकर प्राप्त प्रशिक्षण अनुसार गतिविधि आधारित शिक्षण करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण संचालन में संकुल समन्वयक विनोद कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, चेतन कुमार चौधरी, जानेश्वर खरे, विकास पटेल, खगेश्वर साहू, सुशील कुमार चौहान तथा मास्टर ट्रेनर सुश्री सुशीला साहू, शकुंतला सहश, सजीत पंडा, लता महंत, शिव कुमारी कंवर, नित्यानंद डनसेना, जानकी पटेल, वीरेंद्र चौहान आदि मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

एक नजर


## ग्राम सुपेला की नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं हुई




**भखारा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन- प्रशासन गांव-गांव में स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर चाहे लाख अलख जगा ले लेकिन जब चुने हुए जनप्रतिनिधि उनके योजनाओं का सही क्रियान्वयन कर काम न करे तो लाखों कोशिशे बेकार जाएगा शासन-प्रशासन द्वारा रूर्बन मिशन व 15 वें योजना के तहत लोगों को समुचित स्वास्थ्य व स्वच्छता सुविधा देने के लिये लाखो रुपये तक की नालियों का निर्माण कराया गया है लेकिन स्वच्छता एवं साफसफाई के नाम से जनप्रतिनिधि आज भी फिसड्डी के फिसड्डी रह गए है ऐसा ही एक मामला ग्राम सुपेला से है जहां वार्ड क्रमांक 13 - 14 में तेज राम के घर से नंद निषाद घर तक नाली निर्माण किया गया है जो की पंचायत के अनदेखी के चलते विगत 5 सालों से नाली का साफसफाई नहीं किया गया। जिसके चलते मोहल्ले वासी को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि अगर ऐसा चलता रहा तो मलेरिया, टाइफाइड जैसे अनेक बीमारी होने शुरू हो जाएंगे वहीं सुपेला निवासी तेजराम साहू का कहना है कि ग्राम पंचायत सुपेला की सरपंच व वार्ड पंच सिर्फएक प्लेट समोसा खाने और चाय पीने के लिए ही पंचायत में ग्रामसभा व पंचायत बोर्ड की बैठक रखते है ग्राम पंचायत सुपेला में महिला सरपंच है महिला सरपंच ऐसी है जिन्हें गांव की गली और नालियों तक नही जानकारी नही है उनके पति ही पूरे पंचायत का बागडोर संभालते है जिनको कई बार नालियों की साफसफाई के लिए कहने पर टालमटोल करते नजर आते है चुने हुए जनप्रतिनिधियों के सुस्त रवैया के चलते दिन प्रतिदिन गंदगी बढ़ते जा रहा है अगर ऐसा चलता रहा तो कुछ माह बाद बारिश होने पर गंदगी घरों में प्रवेश करेगी जिसके चलते और भी परेशानी होगी मोहल्ले वासियों को कहना है कि तत्काल गंदगी को साफसफाई नहीं करवाया तो धरना प्रदर्शन करेंगे।

## 6 पौवा अवैध शराब की परिवहन कर रहे 2 युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**भखारा, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अवैध शराब परिवहन करने की मुखबिर की सूचना पर सेमरा मोड़ तिराहा भखारा के पास दो बाइक सवार यूवकों को भखारा पुलिस ने एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में अवैध रुप से शराब रखकर मोटर सायकल हीरो पैशन प्लस क्रमांक छ्त्त 05 क्क6637 से परिवहन करते पाए जाने पर घेराबंदी कर पकड़ा आरोपियों के कब्जे से प्लास्टिक बोरी में 96 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 10560/- रुपये एवं अवैध रुप से शराब परिवहन में प्रयुक्त एक हीरो पैशन प्लस मो0सा0 कमांक छ्त्त-05 क्क6637 कीमती करीबन 30, 000/- रुपये, कुल जुमला कीमती 40560/-रुपये को जब्त कर आरोपी अजय साहू पिता तुलसी राम साहू उम्र 32 वर्ष भैंसबोड़, चौकी बिरेझर, भुवन लाल साहू पिता मोहन लाल साहू उम्र 50 वर्ष कोसमर्रा के विरुध्द धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की गयी है उक्त कार्यवाही में सउनि0 तेजू राम सिन्हा, आरक्षक हेमराज नेताम, खुमान साहू, सायबर सेल धमतरी निरीक्षक सन्नी दुबे, आरक्षक कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, मनोज साहू, फनेश साहू, किशोर देशमुख का विशेष योगदान रहा।




# कल शायद फिर सितारों से लड़ा था... नशे में धुत्त चाँद समंदर में पड़ा था...





नरेन्द्र मोदी तीसरे कार्यकाल में कब तक पी एम रहेंगे, किस तेवर के साथ काम करेंगे, यह अब नीतीश बाबू और चंद्रबाबू नायडू पर ही निर्भर करेगा, मोदी के तीसरे कार्यकाल में कई ऐसे एजेंडे होंगे, जिन्हें गठबंधन सर कार में पूरा करना आसान नहीं होगा? जैसे नीतीश और चंद्रबाबू, वननेशन, वन इलेक्शन, समान नागरिक संहिता, पीएसयू में विनिवेश पर शायद तैयार हों, अग्नि वीर योजना पर भी समीक्षा की बात उठ रही है। मोदी की आक्रामक आर्थिक नीति यां भी दोनों की सहमति के बिना लागू नहीं कर सकते हैं? एनआरसी और सीएए को लेकर विरोध बढ़ सकता है? नरेंद्र मोदी के पास अटल बिहारी वाला अनुभव नहीं है।वाजपेयी ने दर्जन भर से ज़्यादा पार्टियों को लेकर एनडीए की सरकार चलाई थी, तब भाजपा को अपना हार्डकोर एजेंडा किनारे रख ना पड़ा था।ऐसे में मोदी के पास सिर्फदो विकल्प होंगे, पहला यह कि अपने एजेंडा किनारे रखें और दूसरा कि साझे एजेंडे पर आगे बढ़ें? पिछली दो बार से केंद्र में भाजपा को अपने दम पर बहुमत मिल रहा था लेकिन इस बार एनडीए को बहुमत मिला है, मोदी 2 मंत्रिमंडल की स्मृति ईरानी सहित 19 मंत्री चुनाव हार गये हैं ऐसे में मोदी को अब कई एजेंडे किनारे रखने पड़ सकते हैं। भाजपा को 240 सीटों पर जीत मिली है और बहुमत के लिए 272 का आँकड़ा चाहिये, हालांकि एनडीए को 293 सीटें मिली हैं और यह सरकार बनाने के लिए पर्याप्त है।चंद्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड ने मिलकर 28 सीटें जीती हैं, एनडीए को बहुमत के आँकड़े तक ले गई हैं। इंडिया गठबंधन बहुमत से 40 सीटें पीछे रह गया है। गुजरात में साल 2002 में दंगे हुए थे तो चंद्र बाबू नायडू ही एनडीए के पहले ऐसे नेता थे, जिन्होंने बतौर सीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफ़ेकी मांग की थी।अप्रैल 2002 में टीडीपी ने मोदी के ख़िलाफ़ हिंसा को रोकने, सांप्रदायिक दंगों के पीड़ितों को राहत देने, बुरा फेल होने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था, इस बार आंध्र में टीडीपी की16 सीटें आई हैं और अब नायडू किंगमेकर की भूमिका में दिख रहे हैं तो सोशल मीडिया पर मोदी का साल 2019 में आंध्र प्रदेश में दिया गया भाषण खूब शेयर किया जा रहा है। इस भाषण में नरेंद्र मोदी ने चंद्रबाबू को अपने ससुर के पीठ में छूरा भोंकने वाला बताया था उन्होंने चुनावी रैली में कहा था, वो (चंद्र बाबू नायडू) खुद को मुझसे सीनियर मानते हैं, अच्छी बात हैज्आप सीनियर हैं, लेकिन आप सीनियर हैं, पार्टी बदलने में, ससुर की पीठ में छूरा भोंकने में सीनियर हैं एक के बाद एक चुना व हारने में उसमें तो मैं सीनियर नहीं हूँ।अब चंद्र बाबू की बदलौत एनडीए दक्षिण के राज्य में बेहतर कर पाई है।चंद्रबाबू के भाजपा से संबंध एनडीए में रहते हुए बहुत ही कड़वाहट भरे रहे हैं। उसी दौरान ही अमित शाह ने भी एक भाषण दिया था, जिसमें चंद्रबाबू को 'अवसरवादी' बताते कहा था कि 'एनडीए के दरवाज़े हमेशा के लिये बंद हो गये हैं, 'लेकिन टीडीपी की गठबंधन में वापसी साल 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो गई, इधर नीतीश कुमार ने साल 2013 में एनडीए छोड़ा तो उसकी वजह नरेंद्र मोदी ही थे। तब भाजपा ने मोदी को चुनावी अभियान का प्रमुख बनाया था, तब नीतीश को अंदाज़ा हो गया था कि भाजपा पीएम पद का उम्मीदवार उन्हें ही बना एगी।नीतीश कुमार को यह पसंद नहीं था।नीतीश को लगता था कि वह मोदी के नेतृत्व में एनडीए में रहे तो उनके मुस्लिम वोटर अलग हो जाएंगे, यहाँ तक नीतीश ने 2013 से पहले यानी 2010 के बिहार विस चुनाव में नरेंद्र मोदी को चुनाव प्रचार तक करने नहीं आने दिया था।नीतीश ने ऐसा ही 20 05 के बिहार विस चुनाव में भी किया था।2014 के लोस चुनाव में नीतीश की पार्टी बिहार में अकेले ही मैदान में उतरी थी लेकिन 2 सीटों पर सिमट गई थी साल 2015 के बिहार विस चुनाव में नीतीश ने आरजेडी के साथ चुनाव लड़ा था और बंपर जीत मिलीथी। 2 साल बाद नीतीश फिर एनडीए में आ गए थे और 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 में से 39 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी।2020 के विस चुनाव में नीतीश की जेडीयू बिहार में तीसरे नंबर की पार्टी बनी लेकिन एनडीए की सरकार में वो सीएम बनें। सन 20 22 में नीतीश, आरजेडी के साथ आ गए।लेकिन जन वरी में वो फिर पाला बदल भाजपा के साथ आ गए। नीतीश का गठबंधन बदलना भारत की राजनीति में ऐसी प्रक्रिया बन गई है, जो हैरान नहीं करती लेकिन सस्पेंस बरकरार रहता है कि वो किसे कब किंग की भूमिका में ला दें?अब 12 लोस सीटों के नीतीश को अपने साथ बनाए रखना मोदी के लिए चुनौती होगा, विपक्ष को उम्मीद है कि ये दो दल कभी भी साइड बदल सकते हैं और यही भाजपा के लिए चिंता भी होगी?

### छत्तीसगढ़ से हारने वाले भूपेश चौथे पूर्व सीएम...



छ्ग में इस बार के लोक सभा चुनाव में एक और पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी चुनाव हार गये हैं, मप्र के दो तथा छ्ग के एक सीएम को बाद के चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा था, मप्र के सीएम रहे श्यामा चरण शुक्ला तो बतौर सी एम ही पवन दीवान से विधानसभा चुनाव हार गये थे, छ्ग




बनने के बाद लोक सभा चुनाव में रमेश बैस से भी हार का सामना करना पड़ा था।मप्र सीएम रहे वोरा भी बाद में लोस चुनाव ही डॉ रमनसिह से हार गये थे वहीं छ्ग बनने के बाद पहले सीएम अजीत जोगी ने लोस चुनाव में कद्दावर नेता विद्याचरण शुक्ल को पराजित किया फिर उसी लोकसभा से उन्हें ही हार का सामना करना पड़ा था। पूर्व सीएम बघेल, राजनाँदगांव लोस प्रत्याशी बने थे, पहले वे रायपुर, दुर्ग से लोस चुनाव हार चुके हैं, अब पूर्व सीएम की हार पर चर्चा करें 1977 में आपातकाल के बाद विस चुनाव हुए तो मप्र में कांग्रेस बुरी तरह हारी थी, खुद सीएम श्यामाचरण ही राजिम विस से जनता पार्टी के संत पवन दीवान से चुनाव हार गएथे, श्यामा चरण शुक्ल की पहली हार थी, रमेश बैस ने वर्ष 2004 में श्यामा चरण को रायपुर लोकसभा चुनाव में हराया था और वर्ष 2009 में छ्ग के बाद में सीएम बने भूपेश बघेल को हरा दिया थावोरा को 1999 के राजनांदगांव लोकसभा चुनाव में डॉ रमन सिंह के हाथों पराजित होना पड़ा, वोरा पहली, आख़री बार चुनाव हारे थे, खुद विस चुनाव हारने के बाद वोरा को लोस में हराने के बाद डॉ रमन सिंह, अटल मंत्रि मंडल में शामिल हुए, छ्ग बनने के बाद 15 साल तक सीएम रहे, आईपीएस, आई एएस, राज्यसभा, लोकसभा होकर जोगी छ्ग के पहले सीएम बने, उपचुनाव जीत कर विधा यक बने। बाद में महासमुंद लोकसभा से 2004 के चुनाव में विद्याचरण शुक्ल को पराजित किया। जोगी कांग्रेस से तो शुक्ल भाजपा से प्रत्याशी थे। 2014 से पहले ये रिकॉर्ड रहा है कि किसी पार्टी को लगातार दो बार जीत नहीं मिली लेकिन भाजपा के चंदूलाल साहू ने मिथक को तोड़ने में काम याबी पाई। 2014 में महासमुंद से दोबारा जीतने वाले भाजपा के चंदूलाल साहू ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छ्ग के सीएम अजीत जोगी को 1217 वोटों के बेहद कम अंतर से हराया था। विद्या चरण शुक्ल ने सर्वाधिक 6 बार यहां से जीत हासिल की, भाजपा के चंद्रशेखर साहू के नाम जीतने-हारने का भी रिकॉर्ड है। कांग्रेसी नेता विद्याचरण शुक्ल यहीं से राजनैतिक करियर की शुरुआत की थी। बतौर सांसद अपने 9 कार्यकाल में से शुक्ल ने अपने पहले चुनाव समेत 6 चुनाव महासमुंद से ही जीते थे। 2004 में जब राकाँपा होकर भाजपा में शामिल हो गये थे।इसी क्षेत्र में लौट कर आए, कांग्रेस केअजीत जोगी से हार गये, चुनाव में चंदूलाल साहू नामक 11 उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि इनको चुनाव लड़ाने के पीछे भी जोगी की भूमिका थी?

### बृजमोहन अग्रवाल, अपराजेय योद्धा...



छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता तथा अविभाजित मप्र, सहित छ्ग मंत्रिमंडल मेंवर्षो तक शामिल रहे बृजमोहन अग्रवाल लगातार 8 बार विधायक बन चुके हैं, जीवन के पहले लोकसभा चुनाव में जीत कर लगातार 9 वीं बार जीतने का रिकार्ड (5, 75, 285) बना चुके हैं। छात्र राजनीति से होकर मप्र में सन 1990 में पहली बार रायपुर से विधायक बने तथा उसके बाद 1993, 98 2003, 2008, 2013, 20 18 और 2023 में लगातार विधायक बनते आ रहे हैं। पटवा मंत्रिमंडल में नग रीय प्रशासन, पर्यटन राज्य मंत्री बने तो छ्ग में 2003 से रमन की सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल में लगातार कबीना मंत्री बनते रहे हैं, छ्ग में गृहमंत्री भी रहे।2018 में चुनाव जीत कर विधान पुरुष के रूप में चर्चित मथुरा प्रसाद दुबे के लगातार 7 बार विधायक बनने की बराबरी पहले ही कर चुके हैं।

### ज्योत्सना बनी सांसद, सरोज पांडे, पराजित...



कोरबा लोकसभा से कांग्रेस की ज्योत्सना डॉ चरणदास महंत ने भाजपा की राष्ट्रीय नेत्री सरोज पांडे को करीब 43283 मतों से पराजित कर छ्ग में कांग्रेस की लाज बचा ली है। छ्ग की 11 में से केवल यही सीट कॉग्रेस के खाते में गई है, ज्योत्सना के पति डॉ चरणदास महंत ने भी अटलजी की भतीजी स्व. करुणा शुक्ला को पराजित किया था, महापौर, विधायक, सांसद एक साथ बनने का रिकार्ड बनाने वाली सरोज पांडे का दुर्भाग्य ही है कि वे दूसरी बार लोस चुनाव हारी हैं, इसके पहले दुर्ग लोस से ताम्रध्वज साहू से हार चुकी हैं। ज्योत्सना लगातार दूसरी बार लोस सदस्य बनने में सफल रहीं हैं।

### और अब बस...

- » इलाहाबाद लोस से कांग्रेस के उवल रमण सिंह की 40 साल बाद जीत दर्ज की है।आखिरी बार 1984 में इलाहाबाद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और अभिनेता अमिताभ बच्चन जीते थे।
- » भाजपा फैजाबाद लोक सभा से भी हार गई जिसका हिस्सा भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या भी शामिल है।
- » देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले 10 लोगों में बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हैं।

# नीट रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई का विरोध प्रदर्शन

## गहराता जा रहा है नीट यूजी-2024 विवाद, निष्पक्ष जांच की मांग





**रायपुर, 9 जून।** नीट 2024 रिजल्ट पर विवाद गहराता जा रहा है। देश भर के अलग-अलग शहरों में छात्र विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्र नीट रिजल्ट रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। नीट रिजल्ट को लेकर एनएसयूआई ने अंबेडकर मूर्ति के सामने प्रदर्शन किया। एनएसयूआई ने माँग की है कि रिजल्ट रद्द किया जाए और सीबीआई से जाँच कराई जाए।

एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा कि नीट परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक प्राइवेट संस्था है। सरकार ने प्राइवेट एजेंसियों के हाथों में छात्रों का भविष्य दे दिया है। नीट परीक्षा में एक साथ इतनी संख्या में एक जैसे नंबर मिलाना संदेह पैदा करता है। यह लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जो घंटों बैठकर विषम परिस्थितियों में पढ़ाई करते हैं। इसलिए सरकार को इसमें दखल देते हुए इस परीक्षा परिणाम को रद्द किया जाना चाहिए। सीबीआई से जाँच कर जिम्मेदारों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

नीट परीक्षा के परिणाम में एक साथ 67 विद्यार्थियों के 720 में से 720 अंक मिले हैं। पिछले कई वर्षों के परीक्षा परिणाम के हवाले से अब तक कुछ छात्रों के ही 720 में से 720 अंक आते थे, लेकिन इस बार एक साथ 67 विद्यार्थियों के पूरे अंक आने से कई सवाल खड़े हो रहे हैं.

एनएसयूआई ने छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स पर भी सवाल उठाया. साथ ही कहा कि कुछ विद्यार्थियों को 718 और 719 अंक भी आए हैं, जबकि नियमानुसार किसी भी तरह से किसी छात्र के 718 और 719 अंक नहीं आ सकते. नीट में 200 प्रश्न होते हैं, जिसमें छात्रों को 180 प्रश्न का उत्तर देना होता है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित होते हैं. एक गलत होने पर चार अंक कम होने के साथ एक अंक माइनस होता है, ऐसे में एक प्रश्न गलत होने पर 718 या 719 अंक संभव ही नहीं है।

प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, संगठन महामंत्री हेमंत पाल, ज़िला अध्यक्ष शहर शान्तनु झा, ज़िला अध्यक्ष ग्रामीण प्रशांत गोस्वामी, मीडिया चेयरमैन संकल्प मिश्रा, प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, विशाल कुकरेजा, कुणाल दूबे, वैभव मूँजेवार, सूरज साहू, रजत ठाकुर, अंकित शर्मा, अनुज शुक्ला, भक्तेश्वर वैष्णव, तारिक ख़ान, पुनेश्वर लहरे, अमन गोस्वामी, अथर्व श्रीवास्तव, संस्कार पांडेय, दिव्यांश श्रीवास्तव, विनय तिवारी, क्रिश सहारे अन्य छात्र उपस्थित हुए।

समाचार संक्षेप

## अधिकारियों ने शक्ति कान्वेंट, भारत पब्लिक स्कूल का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 7 जून को संयुक्त संचालक आर. पांडेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के नेतृत्व में RTE के नोडल अधिकारी राकेश सिंह ABO एवं आशीष कुमार शर्मा प्राचार्य सेजेस सिमगा के साथ स्थानीय निजी विद्यालय सक्ति कान्वेंट और भारत पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया। जिसमे आरटीई के तहत अध्यनरत बच्चों का पिछले 5 वर्षों का रिकॉर्ड एवं ड्राप आउट हुए बच्चों की जानकारी, कारण एवं उसके लिए किए गए प्रयास पर विस्तृत चर्चा एवं दिशा निर्देश दिए गए। सचिव के निर्देशानुसार जेडी पाण्डेय ने ड्राप आउट हुए बच्चों के लिए स्पष्ट कारण पालकों से सीधे संपर्क कर बताए जाने पर निर्देशित किया। आरटीई के बच्चों को शासन के बच्चे बताते हुए बिना अनुमति उन्हें शाला से टी .सी दिए जाने पर नाराजगी जताते हुए विधिवत् प्रक्रिया से अनुमति लिए जाने को निर्देशित किया। उपरोक्त निरीक्षण पश्चात् स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सिमगा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले के आयोजन पर विकास खंड के समस्त प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयको के साथ विभागीय मुद्दों पर बैठक लिया गया। विभिन्न जानकारियों एवं निर्देशों के साथ सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया तैयारी एवं पोर्टल में प्रत्येक निर्देशों की एंट्री करने को कहा गया। जिला शिक्षा अधिकारी भारतीय ने डिजिटली ऑनलाइन पोर्टल एंट्री पर विस्तार से जानकारी देते हुए समय सीमा पर सभी को पूर्ण करने को कहा। न्यायालयीन एवं पेंशन के सभी प्रकरणों को अविलंब पूर्ण करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए गए। अंत में सहसराम पाटकर बी आर सी सी के सेवानिवृत होने पर उनका सम्मान करते हुवे प्राचार्य आशीष शर्मा एवं बी. ई. ओ. गेंदले ने आभार व्यक्त किया।

## राजधानी में दण्डी स्वामी श्रीमयोतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज की श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ



**रायपुर, 9 जून।** ब्राह्मण समाज द्वारा आज जेठ शुक्ल तृतीया 9 जून से नवमी 15 जून तक विप्र भवन समता कालोनी में सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के प्रमुख, प्रकाण्ड विद्वान, वेदों के ज्ञाता तथा बेमेतरा क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक दण्डी स्वामी श्रीमयोतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज का राजधानी में पहली बार श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ वेदीपूजा व कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपने पितरों के कल्याण तथा स्वजनों की स्मृति में 21 यजमान सामुहिक रूप से परिवार सहित शामिल हैं। विप्र भवन में सुबह प्रमुख आचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित खिलेश्वर के द्वारा वेदीपूजा, कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। अपरान्ह दण्डी स्वामी श्रीमयोतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का श्रीगणेश किया। ब्राह्मण समाज एवं सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा निर्माण सेवा समिति रायपुर शाखा ने श्रद्धालु भक्तों से श्रीमद्भागवत कथा में सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मंदिर एवं गिरौदपुरी जैतखांभ में तोड़फोड़ से प्रशासन चिंतित

# कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक, न्यायिक जांच पर बनी सहमति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 9 जून।** जिले में असमाजिक तत्वों द्वारा सुहेला के आसपास मंदिरों एवं गिरौदपुरी जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ से जिला प्रशासन ने चिंता जाहिर की है। आज इस सिलसिले में कलेक्टर के एल चौहान एवं एसपी सदानंद कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में जिले में हुई घटनाओं को लेकर सिलसिलेवार व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान सतनाम समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों सहित सभी समाज के प्रमुखों द्वारा आपसी शांति बनाएं रखने एवं प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है। इसके साथ ही घटनाओं की जांच के लिए मजिस्ट्रीयल जांच पर भी सहमति बनी है। जिसके विस्तृत आदेश अगामी दिनों में अलग से जारी की जाएंगी।


कलेक्टर के एल चौहान ने कहा विगत दिनों जिले के विभिन्न स्थानों में जो अप्रिय घटना हुई है वह बेहद ही निंदनीय एवं चिंताजनक है। इस तरह की घटनाओं से समाज का ताना बाना बिगड़ जाता है। हमारे जिले का कभी भी इस तरह इतिहास नही रहा है की किसी भी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाई। इस तरह की घटना पहली बार हुई है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों से अपील की है हमे आंदोलन से बचते हुए आपसी शांति हेतु सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। प्रशासन और समाज दोनों जीवंत समाज के दो पहलू है जो आपसी सहयोग के बिना किसी भी कार्य को सफल नही हो सकती है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों के बातो को सुनकर समस्यो के जल्द ही निराकरण के आश्वासन दिया हैं।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सदानंद कुमार ने कहा की आज कल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत जल्दी अफवाह फैलाई जाती है। हमे ऐसे मेसेजो से बचना चाहिए साथ ही इस तरह के संदिग्ध कंटेंट मिले तो इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल को दी जानी चाहिए। हमने सोशल मीडिया में गतिविधियों के निगरानी के लिए अलग से भी सेल बनाएं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा की जांच के संबध में आप लोगों ने आज जो सलाह एवं महत्वपूर्ण जानकारी दिए है उसी के हिसाब से ही जांच में तेजी लाई जाएगी।बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अफसरों के साथ विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिप्ती गौते, एडिशनल एसपी अविनाश ठाकुर, सभी एसडीएम, एसडीओपी, प्रगतिशील सतनामी समाज देवेंद्र चतुर्वेदी, मोहन बंजारे, सतनामी समाज ओमप्रकाश खुटे, एसटी एससी ओबीसी संघर्ष समिति मोहन राय, ब्राह्मण समाज श्याम शुक्ला, यादव समाज संतोष यदु, सिंधी समाज नरेश गंगशानी, शंकर दुलानी, केवंट निषाद समाज नारद निषाद, वर्मा कुर्मी समाज धर्मेंद्र सरसिहा, आदिवासी समाज डॉक्टर एल एस धुव्र, भूपेंद्र ध्रुववंशी, साहू समाज लेखराम साहु, सतनामी समाज राजमहंत सरजू प्रसाद घृतलहरे, बीएसपी राजकुमार पात्रे, भीम क्रांतिवीर संगठन किशोर नवंगे सहित अन्य सभी समाजों के वरिष्ठ प्रतिनिधी, समाज प्रमुख गण सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक गण भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने सभी वर्गों के प्रति जताया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न होने पर अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी वर्गो के प्रति अपना आभार जताया। उन्होने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो गई लोकसभा निर्वाचन 2024 के कार्य में जिले के समस्त शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन भली भांति एवं पूरी निष्पक्षता के साथ सफलतापूर्वक सम्पादित किया गया। जिले के इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया, स्थानीय जन प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा भी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। इलेक्ट्रानिक / प्रिंट मीडिया के द्वारा भी मतदाता को जागरूक करने, सूचनाओं को त्वरित जनमानस तक पहुंचाने, अफवाहों से बचाने एवं निष्पक्ष मतदान में भाग लेने हेतु प्रेरित करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया। इसके साथ ही महिला अधिकारियों/कर्मचारियों के द्वारा चुनाव प्रक्रिया में भाग लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन बड़े उत्साह से किया गया। विशेषकर संगवारी मतदान दल में शामिल महिला कर्मचारियों का प्रयास अत्यधिक सराहनीय रहा, जिनकी जितनी भी प्रशंसा की जावे, वह कम है। वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, व्यय लेखा टीम काल सेंटर, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानिटरिंग कमेटी, उड़नदस्ता, स्थैतिक निगरानी दल, मतदान दलों के द्वारा भी अपने दायित्वों का निर्वहन जिस तत्परता से किया गया, वह भी सराहनीय है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26